नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 192 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, गुरुवार 19 मई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर

चौपाल लगानी हो तो सिलगेर में लगाएं सीएम

नवपदस्थ एसडीएम ने की पत्रकारों के साथ बैठक

पेज -8 पर



## एक नजर

### बीच सड़क पर युवक की लात-घूंसों से पिटाई



3 लोगों ने अधमरा होने तक पीटा, 3 गिरफ्तार



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में एक युवक की शहर के कुछ बदमाशों ने जमकर पिटाई कर दी। बीच सड़क पर जमकर लात-घूंसे चले। बताया जा रहा है कि युवक को मार-मारकर अधमरा कर दिया गया। वहीं पास में मौजूद कुछ लोगों ने इसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। जब वीडियो पुलिस तक पहुंचा तो मामले में शामिल एक नाबालिग समेत 3 लोगों को पकड़ लिया गया। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, बुधवार की दोपहर शहर के रहने वाले ऋतिक सागर (23), बजरंगी गुप्ता (19) और एक नाबालिग का एक युवक के साथ किसी मामले को लेकर विवाद हो गया, जिससे गुस्साए नाबालिग समेत तीन लोगों ने युवक की पिटाई शुरू कर दी। युवक को मार खाता देख आसपास के कुछ दुकानदारों ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत करवाया। थोड़ी देर बाद सभी लौट गए।

# कभी सोचा न था कि गोबर से इतना पैसा मिलेगा

### मुख्यमंत्री को चंपावती ने भेंट-मुलाकात के दौरान दिया धन्यवाद

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुकमा जिले के छिंदगढ़ में भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ग्रामीणों से चर्चा कर रहे थे, उसी दौरान ग्राम पंचायत चिपुरपाल की निवासी श्रीमती चंपावती नाग ने उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने सोचा नही था, कि गोबर से भी उन्हें इतना पैसा मिलेगा। श्रीमती नाग ने बताया कि चीका रास गौठान में दो महिला समूह से 27 महिलाएं जुड़ी है। महिलाएं गोबर बेचने के साथ ही गौठान में वर्मी कम्पोस्ट बनाकर बेच रही है। वर्ष 2021 में उन्हें एक लाख 40 हजार की आय हुई। महिलाएं मुर्गीपालन भी कर रही है, अंडा बेचने से अब तक 48 हजार रुपये की आमदनी हुई है। समूह बाड़ी में सब्जी-भाजी उत्पादन और विक्रय से 12 हजार का मुनाफा हुआ है। समूह की महिलाओं ने अंडा बेचने से प्राप्त राशि से महुआ क्रय किया है। कीमत बढ़ने पर उसे बेचकर पैसा कमाएंगे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने चिका रास गौठान से जुड़ी महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सब ने अपने आत्मबल और मेहनत से गौठान और गोधन न्याय योजना की सार्थकता प्रमाणित की है। गौठान की स्थापना का उद्देश्य सिर्फ पशुधन का संरक्षण और संवर्धन नहीं, बल्कि इसे आजीविका का ठौर के रूप में स्थापित करना है, यहां ग्रामीणजन रोजगार और आय का जरिया प्राप्त कर सके।



# सहारा इंडिया के निवेशकों ने मचाया हंगामा रैली निकालकर पहुंचे कलेक्टोरेट

### बोले-पैसा लौटाने में कर रहे मनमानी, केस दर्ज करने की मांग

**बिलासपुर।** बिलासपुर में सहारा इंडिया कंपनी के निवेशकों ने रैली निकालकर कलेक्टोरेट में नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा मचाया। उनका कहना था कि अपने खून पसीने की कमाई को जोड़कर कंपनी में निवेश किया था। लेकिन, अब उनकी मियाद पूरा होने के बाद स्थानीय अधिकारी मनमानी कर रहे हैं और निवेशकों को उनका रुपए नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने राशि वापस नहीं देने पर कंपनी के अधिकारियों पर केस दर्ज करने की मांग की है।

#### जिला प्रशासन के अफसरों को ज्ञापन सौंपकर की गई कार्रवाई की मांग

बुधवार दोपहर कलेक्टोरेट पहुंचे निवेशकों ने बताया कि सहारा इंडिया कंपनी में जिले के सैकड़ों लोगों ने करोड़ों रुपए इन्वेस्टमेंट किया है। हर महीने 500 से लेकर 5000 रुपए जमा करने के एवज में उन्हें ब्याज सहित राशि लौटाने का भरोसा दिलाया गया था। पहले भी निवेशकों ने इस मामले की शिकायत की थी, तब उन्हें भरोसा दिलाया गया था, जब उनकी मियाद पूरी हो जाएगी, तब उन्हें रुपए में ब्याज लौटा दिया जाएगा। लेकिन, अब कंपनी के अधिकारी उन्हें घूमा रहे हैं।





#### साल भर से चक्कर काट रहे हैं निवेशक

निवेशकों ने बताया कि जमा राशि की मियाद एक साल पहले पूरा हो गई है। एक-एक निवेशकों को कंपनी से एक से 20 लाख रुपए तक लेना है। अपनी ही राशि लेने के लिए निवेशक पिछले एक साल से सहारा कंपनी के ऑफिस का चक्कर काट रहे हैं। लेकिन, उन्हें स्थानीय अफसर घूमा रहे हैं। ऐसे में उन्होंने कंपनी के अफसरों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करने की मांग की है।

#### कलेक्टोरेट में मचाया हंगामा


शहर के साथ ही जिले के निवेशक बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे, जहां उन्होंने जमकर नारेबाजी और हंगामा मचाया। उन्होंने कहा कि पहले भी सहारा इंडिया कंपनी के खिलाफ कई शिकायतें की जा चुकी है। लेकिन, स्थानीय अफसर उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ऐसे में निवेशकों को अपने ही खून पसीने की जमा रकम को लौटाने के लिए अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं और उन्हें परेशान किया जा रहा है।

# कहीं बासी-बोरे तो कहीं मड़िया पेज, भेंट-मुलाकात में कल्चर को भी दिलचस्प अंदाज में प्रमोट कर रहे हैं भूपेश बघेल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा क्षेत्रों में भेंट-मुलाकात के लिए निकले मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल अपनी योजनाओं का फीड-बैक तो ले ही रहे हैं, साथ ही बड़ी खूबसूरती से प्रदेश की संस्कृति को प्रमोट भी कर रहे हैं। इस यात्रा के दौरान वे ऐसे हर उस मौके का इस्तेमाल कर लेते हैं, जिससे छत्तीसगढ़ की संस्कृति, रीति-रिवाज और खान-पान का राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार हो सके। भेंट-मुलाकात की उनकी हर दोपहर तब और भी ज्यादा दिलचस्प हो जाती है, जब सब की नजरें श्री बघेल की थाली में सजे ठेठ छत्तीसगढ़िया पकवानों पर केंद्रित हो जाती है। उनके लंच में कभी बासी होती है तो कभी मड़िया-पेज, वे कभी पेहटा-तिलौरी का स्वाद ले रहे होते हैं तो कभी लकड़ा-चटनी और कोलियारी भाजी का।

सरगुजा संभाग में भेंट-मुलाकात का पहला चरण पूरा हो जाने के बाद 18 मई से बस्तर संभाग में दूसरा चरण शुरु हो चुका है। उन्होंने पहले चरण की शुरुआत राज्य के बिलकुल उत्तरी छोर पर स्थित बलरामपुर जिले से की थी, अब दूसरे चरण का आगाज उन्होंने बिलकुल दक्षिणी छोर पर स्थित सुकमा जिले के कोंटा विधानसभा क्षेत्र से किया है। जब वे छिंदगढ़ पहुंचे तब दोपहर के भोजन का वक्त हो चुका था। छिंदगढ़ के एक ग्रामीण श्री आयता मंडावी ने बस्तर की परंपरागत शैली में अपने घर की छपरी की छांव में उनके भोजन की व्यवस्था की थी। उन्होंने जमीन पर बैठकर दोने-पत्तल में कोलियारी भाजी, आम की चटनी और दाल-भात का स्वाद लिया। उनके इस लंच में सबसे खास था मड़िया-पेज, जो बस्तर की पहचान भी है। यह एक ऐसा पेय है जिसे पीने के बाद लू का भी मुकाबला किया जा सकता है।





भेंट-मुलाकात अभियान पर निकलने से पहले श्री बघेल ने 01 मई को छत्तीसगढ़ के पारंपरिक आहार बोरे-बासी को प्रमोट किया था। श्री बघेल की इस यात्रा ने उनकी योजनाओं और नीतियों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के पकवानों को भी चर्चा में ला दिया है। राज्य के विकास की अपनी रणनीति में संस्कृति और स्वाभिमान को महत्वपूर्ण घटक मानने वाले श्री भूपेश बघेल की पहल पर अब तीजा-पोरा, हरेली, कर्मा जयंती, छठ, विश्व आदिवासी दिवस और मां शाकंभरी जयंती जैसे लोकपर्वों पर अब सार्वजिनक अवकाश होता है।

# जब रिशिता ने अपने हाथों से बनाई पोट्रेट मुख्यमंत्री को भेंट की : मुख्यमंत्री ने खूब की प्रशंसा

**रायपुर।** छिंदगढ़ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम में आम जन से संवाद किया। इस दौरान रिशिता सिंह ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को उनकी मनमोहक फोटो पोर्ट्रेट भेंट की। उसने बड़े ही गर्व से बताया की उसने यह तस्वीर खुद अपने हाथों से बनाई है। इस पर भेंट को स्वीकारते हुए मुख्यमंत्री ने रिशिता को स्नेह दिया और खूब तरक्की करने का आशीर्वाद भी। उन्होंने कहा की सुकमा ही नहीं अपितु संपूर्ण बस्तर के निवासी हस्त कला और शिल्प कला के धनी है। उनमें यह गुण बचपन से ही होता है, बस जरूरत होती है उन्हे और तराशने की और संवारने की।



22 वर्षीय रिशिता सिंह, सुकमा शांति नगर की निवासी है। उन्होंने अपनी पढ़ाई जगदलपुर से की है। उसने बताया की वह भविष्य में जियोलॉजिस्ट बनकर अपने पिता श्री रजनीश सिंह और माता जी श्रीमती पूनम सिंह का नाम करना चाहती है। रिशिता ने बताया की उसने 2016 से प्रोफेशनल पेंटिंग की शुरुआत की और आज वो बच्चों को सिखाती भी है। उसने 26 घंटे में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की जीवंत पेंटिंग बनाई।

रिशिता ने बताया की उसने मुख्यमंत्री से जिले में कला के क्षेत्र में प्रतिभावान बच्चों के लिए एकेडमी खोलने की मांग की।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वह अपनी पत्नी के साथ नहाने गया था। मगर उसकी पत्नी नहाकर लौट आई, वह वहीं रह गया था। इसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला सका था। अब 24 घंटे बाद उसकी लाश मिली है। मामला भखारा थाना क्षेत्र का है। डोमा गांव का रहने वाला देवेंद्र यादव(30) अपनी पत्नी के साथ मंगलवार को गांव के तालाब में नहाने गया था। उसकी पत्नी नहाकर वापस घर चले गई थी। जबकि देवेंद्र कमल का फूल तोड़ने तालाब में ही उतर गया था। वह काफी देर तक तालाब में था। इसी दौरान गहराई में डूबने से उसकी मौत हो गई थी।

केबीसी में आई महिला अधिकारी का रिश्वत मांगने का वीडियो

# बोली-कुछ छुड़वा दीजिएगा, बहुत लोगों को मैनेज करना पड़ता है, इस कारण हमें दिक्कत होती है

मुंगेली। मुंगेली जिले की डिप्टी कलेक्टर और पूर्व में जनपद सीईओ की जिम्मेदारी संभाल चुकीं अनुराधा अग्रवाल का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में वह एक जनप्रतिनिधि से राशन कार्ड बनवाने के नाम पर रिश्वत मांगते नजर आ रही हैं।

कह रही हैं कि कुछ छुड़वा दीजिएगा, हमें बहुत लोगों को मैनेज करना पड़ता है। इस वजह से हमें दिक्कत होती है। अनुराधा अग्रवाल केबीसी की हॉट सीट पर नजर आ चुकी हैं। इसके बाद से वह काफी सुर्खियों में थीं। अब उनका एक वीडियो वायरल होने के बाद फिर से उनकी चर्चा शुरू हो गई है। अनुराधा अग्रवाल वर्तमान में मुंगेली की डिप्टी कलेक्टर पद का जिम्मेदारी संभाल रही हैं। इसके पहले वह जनपद पंचायत लोरमी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के कार्यभार भी देख रहीं थीं। ये वीडियो उसी समय का बताया जा रहा है। आरोप है कि उन्होंने राशन कार्ड बनवाने के बदले पैसों की मांग की है। फिलहाल वो 22 अप्रैल से मातृत्व अवकाश पर चल रही हैं। जानकारी के मुताबिक, कुछ समय पहले प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव व जनपद उपाध्यक्ष खुशबु आदित्य वैष्णव राशन कार्ड बनवाने के लिए अनुराधा के पास गई थीं। खुशबू को 18 राशन कार्ड बनवाना था। इसी के बदले पैसे मांगने का आरोप है। कहा जा रहा है कि इस वीडियो को अब खुद खुशबू ने वायरल किया है। वायरल वीडियो में अनुराधा कह रही हैं कि काम तो हो जाएगा, मगर इसके लिए कुछ छुड़वा दीजिएगा। जिस पर महिला उपाध्यक्ष ने कहा कि राशन कार्ड के नाम पर कुछ लगता है यह मैं पहली बार सुन रही हूं। यह सुन कर अनुराधा कहती हैं कि आप पहली बार सुन रही हैं यह सुन कर मुझे आश्चर्य हो रहा है।




**मुलाकात...** मुख्यमंत्री ने दुर्गा फाइटर्स बटालियन की महिला जवानों से की मुलाकात

# पहले वर्दी देख कर लोग भाग जाते थे, अब सुरक्षाबलों के कैम्प स्थापित करने में ग्रामीण कर रहे सहयोग

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज सुकमा के पुलिस लाइन ग्राउंड में दुर्गा फाइटर्स बटालियन की महिला जवानों से मुलाकात की। इस दौरान दुर्गा फाइटर्स की प्रधान आरक्षक स्वाति दीप तिर्की ने मुख्यमंत्री के पूछने पर उन्हें पहले और अब के बस्तर के बीच अंतर बताते हुए कहा कि पहले वर्दी देख कर लोग भाग जाते थे, अब सुरक्षाबलों के कैम्प स्थापित करने में ग्रामीण सहयोग कर रहे हैं। पहले नक्सलियों ने लोगों की मानसिकता बनाई थी कि पुलिस वाले प्रताड़ित करते हैं, मगर अब कैम्प्स बनने से पुलिसबल और आमजन रूबरू हो रहे हैं। अब लोगों के बीच सुरक्षाबलों की छवि बदल रही है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे बड़ा परिवर्तन ये है कि अब वर्दी के प्रति लोगों में भय नहीं, लोग समझ रहे कि ये हमारी सुरक्षा के लिए हैं। जो सड़क बन रही है, वो हमारे लिए बन रही है। जो कैम्प बन रहे हैं, वो हमारे लिए बन रहे हैं। महिला प्रधान आरक्षक ने मुख्यमंत्री को बताया कि सुरक्षाबलों द्वारा दुर्गम इलाकों में नए कैम्प्स स्थापित किये जा रहे हैं। एमाकोण्डा में पहले कोई सुविधा नहीं थी, सुरक्षाबल वहां सड़क निर्माण कर कैम्प तक पहुंचे, अब वहां बिजली और सड़क की सुविधा है। मुख्यमंत्री ने उनसे सुकमा में बने नवीन कैम्पस के सम्बंध में जानकारी ली।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष रक्षाबंधन के मौके पर दुर्गा फाइटर्स बटालियन का गठन किया गया था।



# आत्मनिर्भर हो रहे हैं सुदूर क्षेत्र मरईगुड़ा के ग्रामीण

**रायपुर।** प्रदेशव्यापी भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दूसरे चरण के पहले दिन मुख्यमंत्री आज कोंटा विधानसभा पहुंचे। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री बघेल से मिलने सुकमा जिले के सुदूर ग्राम मरईगुड़ा के सरपंच हपका मारा के साथ कोरसा अर्जुन, मड़कम नागेश, माड़वी लक्ष्मण, सुन्नम रत्यैया समेत अनेक ग्रामीण पहुँचे थे। सरपंच के साथ आए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को अपने गांव की मिर्ची, अरहर और कपास के उत्पादन की जानकारी दी। साथ ही गांव में उत्पादित मिर्ची, कपास और अरहर के नमूने भी दिखाए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर पर बसे ग्रामीणों और किसानों के उत्साह को देखकर खुशी जाहिर की और मरईगुड़ा के सरपंच को बधाई दी।




गौरतलब है कि सुकमा जिला मुख्यालय से 150 किलोमीटर दूर बसे मरईगुड़ा में कपास, मिर्च और अरहर की व्यापक खेती शुरू हो गई है। इन उत्पादों को ग्रामीण स्थानीय बाजार के साथ ही सीमावर्ती राज्य आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में विक्रय करते हैं। मरईगुड़ा कभी नक्सल हिंसा से प्रभावित गांव था लेकिन मुख्यमंत्री श्री बघेल के प्रयास और राज्य की कल्याणकारी योजनाओं की वजह से यहां के किसान उन्नत खेती कर रहे हैं तथा भयमुक्त वातावरण में खुशहाल जीवन जी रहे हैं।

# कांग्रेस चिंतन शिविर से निकली पदयात्रा की रौशनी और सियासी फलसफा..!

उदयपुर चिंतन शिविर में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो पद यात्रा का ऐलान किया है। भारत में पदयात्राओं के जरिए अपने आप को संप्रेषित करने वाले महात्मा गांधी के जन्म दिवस से यह यात्रा प्रारंभ होगी। पार्टी को उम्मीद है कि इस यात्रा से भारत के सामाजिक ढांचे में बिखराव को रोकने और सांप्रदायिक सदभाव बढ़ाने में ❛❛

उदयपुर चिंतन शिविर में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो पद यात्रा का ऐलान किया है। भारत में पदयात्राओं के जरिए अपने आप को संप्रेषित करने वाले महात्मा गांधी के जन्म दिवस से यह यात्रा प्रारंभ होगी। पार्टी को उम्मीद है कि इस यात्रा से भारत के सामाजिक ढांचे में बिखराव को रोकने और सांप्रदायिक सदभाव बढ़ाने में सहायता मिलेगी। दरअसल, एलान के मुताबिक इस यात्रा का मकसद सियासी नहीं लगता, लेकिन सियासत करने वाली पार्टी को इसका लाभ मिलता है तो मौजूदा राजनीतिक माहौल में उससे परहेज भी क्यों किया जाना चाहिए? वैसे भारत में सामान्य यात्राएं और पैदल यात्राएं अक्सर क़ामयाब होती रही हैं बशर्ते उनका उद्देश्य सामाजिक या राष्ट्रीय हित में रहा हो।

महात्मा गांधी ने अपनी जिंदगी में करीब पंद्रह साल तक यात्राएं कीं। इनमें पैदल के अलावा रेल, बस, मोटर - कार, साइकल और पालकी से की गई यात्राएं शामिल हैं। अपने राजनीतिक गुरु गोपाल कृष्ण गोखले की सलाह मानकर उन्होंने 1915 में पहली यात्रा भारत को समझने के लिए की थी।

बापू की यह सारी ही यात्राएं साल भर चली थी और ज्यादातर रेल के तीसरे दर्जे में की गई थी। इसके बाद तो उनकी यात्राओं का जो सिलसिला शुरू हुआ तो आख़िरी सांस तक चलता रहा। चंपारण सत्याग्रह और उसके बाद नमक पर टैक्स के विरोध में साबरमती आश्रम से दांडी तक करीब 358 किलोमीटर की पद यात्रा आज भी ऐतिहासिक मानी जाती है।




### विनोबा भावे की भूदान यात्रा

गांधी जी के बाद उनके शिष्य और सर्वोदय आंदोलन के अगुआ संत विनोबा भावे की पद यात्राएं स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी जारी रहीं। इनमें सर्वाधिक चर्चित 1951 की भूदान यात्रा थी। इस यात्रा में देशभर के लाखों गरीबों और भूमिहीनों को ज़मीन मुहैया कराई गई थी। अनूठी बात यह है कि उस वंचित वर्ग के लिए ज़मीन देने का काम समाज की ओर से किया गया था।

तेलंगाना के पोचमपल्ली गांव से यह भूदान यात्रा शुरू हुई थी और तेरह साल में विनोबा जी ने हजारों किलोमीटर ( 58741 ) अपने पैरों से नाप लिए थे। तब इस आंदोलन को भूदान यज्ञ भी कहा गया था। इसमें लगभग 44 लाख एकड़ भूमि हासिल की गई और 13 लाख एकड़ से अधिक ग़रीबों और भूमिहीनों में बांट दी गई थी।

खास बात यह है कि संसार भर में उस समय इसे अनोखी घटना माना गया था और विनोबा भावे को एक चमत्कारी पुरुष। आज तो हम एक एक इंच भूमि पर खूनी संघर्ष होते देखते हैं। ऐसे में भूदान आंदोलन पर नई नस्लों को कितना यकीन होगा।

### सुनीलदत की शांति यात्राएं

विनोबा जी के बाद जिस राजनेता ने अपनी पद यात्राओं से मुल्क में शान्ति और सदभाव कायम करने का प्रयास किया, उसे हम इस योगदान के लिए याद नहीं करते। फिल्म अभिनेता और फिर राजनेता बने सुनील दत्त की पदयात्राएं आज के सियासतदानों के लिए मिसाल हैं। जब पंजाब में आतंकवाद एक गंभीर समस्या बन गया था तो सुनील दत्त ने शान्ति के लिए मुंबई से अमृतसर तक क़रीब 2000 किलोमीटर पदयात्रा की थी। पैंतीस साल पहले हुई इस पदयात्रा के बारे में कितने लोग जानते हैं?

सुनील दत्त ने इसके बाद 1988 में विश्व शांति और परमाणु हथियारों के ख़िलाफ़ एक मुहीम छेड़ी और पांच सौ किलोमीटर की पदयात्रा की। तीन साल 1990 में बिहार के भागलपुर में साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति बनी। हिंसक वारदातें हुईं। इसके बाद सुनील दत्त ने वहां भी साम्प्रदायिक सदभाव के लिए पदयात्रा की। सुनील दत्त की अगली पद यात्रा फैज़ाबाद से अयोध्या तक धार्मिक सदभाव के लिए हुई थी। उन्हीं दिनों कांग्रेस ने सांप्रदायिकता से लड़ने के लिए पार्टी में सदभावना के सिपाही नामका प्रकोष्ठ बनाया था। अफ़सोस..! सुनीलदत्त के नहीं रहने पर यह प्रकोष्ठ दम तोड़ गया। लेकिन हिन्दुस्तान को जोड़ने वालीं पद यात्राओं में सुनीलदत्त की यात्राएं भुलाई नहीं जा सकतीं। सर्वाधिक चर्चित और जनमत बटोरने वाली यात्रा तो 1990 में बीजेपी नेता लाल कृष्ण आडवाणी की सोमनाथ से अयोध्या यात्रा थी।

### चंद्रशेखर की अधिकार यात्रा

लेकिन सुनीलदत्त से पहले पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की 1983 में की गई पदयात्रा को भी नहीं भुलाया जा सकता। वह कन्याकुमारी से दिल्ली तक की पदयात्रा थी। उस यात्रा में करीब सौ किलोमीटर तक पत्रकार के रूप में पदयात्रा के कवरेज का अवसर मुझे भी मिला था। उन दिनों मैं इंदौर से प्रकाशित नईदुनिया में सह-संपादक था। वह एक विलक्षण यात्रा थी। चंद्रशेखर की इस यात्रा के सिर्फ़ पांच बुनियादी मसले थे। देश के हर नागरिक को पीने का पानी मिले, कुपोषण दूर हो जाए,प्रत्येक बच्चे को पढ़ने का समान अवसर मिले।

राजेश बादल

## संपादकीय

फिर लौटेंगी टिड्डियां

### भारत-पाकिस्तान की सीमा पर रेतीले बवंडर और अंधड़ के साथ आ रहा बड़ा संकट

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के ताजा बुलेटिन में बताया गया है कि फरवरी-मार्च में पाकिस्तान के बलूचिस्तान इलाके के ग्वादर जिले में टिड्डियों ने जो अंडे दिए थे, वे अब वयस्क बन गए हैं। इसी तरह मार्च में ही ईरान में भी टिड्डी दल ने बच्चे दिए हैं।

हालांकि अभी ये लाखों टिड्डी-दल एकल अर्थात सॉलिटरी अवस्था में हैं, लेकिन प्रबल आशंका है कि जैसे ही भारत में मानूसन सक्रिय होगा और रेगिस्तान में रेत के धारों में तरावट आएगी, हमारी हरियाली को अफ्रीकी टिड्डों का ग्रहण लग सकता है।

इन दिनों भारत-पाकिस्तान की सीमा पर हजारों किलोमीटर में फैले रेगिस्तान में अंधड़ चलने लगे हैं और इस रेतीले बवंडर के साथ आ रहे टिड्डियों के दल भारत के लिए बड़ा संकट खड़ा कर रहे हैं। उधर सूडान में इन टिड्डी दलों ने नुकसान करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान सरकार जान-बूझकर टिड्डियों के बारे में माकूल जानकारी भारत को देती नहीं है। राजस्थान सरकार के दस्तावेज बताते हैं कि मई, 2019 से फरवरी, 2020 तक पाकिस्तान से आए टिड्डी दलों ने सात जिलों में भारी नुकसान किया था।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेहद छोटी नेपाल यात्रा के मायने, निकट अतीत की विसंगतियां दुरुस्त होगीं

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेहद छोटी, लेकिन महत्वपूर्ण नेपाल यात्रा को निकट अतीत की विसंगतियों को दुरुस्त करने और मौजूदा दोतरफा संबंधों का पूरा लाभ उठाने के एक प्रयास के तौर पर देखा जाना चाहिए। वैसे तो नेपाल एक हिंदू बहुसंख्यक राष्ट्र है, लेकिन यह अपने उस सुनहरे अतीत को भी बहुत महत्व देता है, जब वहां बौद्ध धर्म फला-फूला था। नेपाल के लिए लुंबिनी एक जगह मात्र नहीं है, बल्कि यह बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध की पावन जन्मस्थली भी है।*

दरअसल नेपाल के बौद्धिकों के एक हिस्से की हमेशा से यह शिकायत रही है कि भारत ने खुद को दुनिया में बौद्ध धर्म के स्रोत और प्रवतर्क देश के रूप में पेश किया है, क्योंकि बुद्ध से जुड़ी हुई सारनाथ, बोधगया और दूसरी कुछ जगहें भारत में ही हैं। सच्चाई भी यही है कि बुद्ध ने सिद्धार्थ के रूप में जन्म बेशक लुंबिनी में लिया हो, लेकिन उन्हें बुद्धत्व की प्राप्ति बिहार के बोधगया में हुई, उन्होंने अपना पहला उपदेश सारनाथ में दिया, और उनका निर्वाण कुशीनगर में हुआ। बौद्ध धर्म के बारे में भारत और बाहर के देशों में जितना भी लिखा गया है, उन सब में यही बताया गया है कि बौद्ध धर्म की शुरुआत भारत में हुई थी। जबकि बुद्ध की प्राचीन मूर्तियां, प्रतिमाएं और बौद्ध धर्म से जुड़ी



विरासत के निशान अफगानिस्तान, पाकिस्तान और श्रीलंका तक फैले हुए हैं। भारत की ही तरह इस पूरे क्षेत्र में कभी बौद्ध धर्म का व्यापक प्रसार था। बुद्ध पूर्णिमा के दिन प्रधानमंत्री मोदी की लुंबिनी यात्रा का मतलब बौद्ध धर्म के प्रवर्तक देश नेपाल को उसका वाजिब श्रेय देना था। ऐतिहासिक, भौगोलिक और सांस्कृतिक पहलुओं के अलावा अपनी लुंबिनी यात्रा के जरिये मोदी ने एक मुद्दे पर भारत की ओर से की गई देरी को भी दुरस्त किया। उन्होंने लुंबिनी में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर फॉर बुद्धिस्ट कल्चर ऐंड हेरिटेज की आधारशिला रखी। जाहिर है, यह बहुत देरी से उठाया गया कदम है, क्योंकि बौद्ध दर्शन और संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए अमेरिका, चीन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी और थाईलैंड जैसे देश दशकों पहले लुंबिनी में अपने-अपने केंद्र स्थापित कर चुके हैं।

लुंबिनी में यह भारतीय केंद्र तीन साल में तैयार होगा। नई दिल्ली स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महासंघ (आईबीसी) इसका निर्माण करेगा, जिसमें लगभग एक अरब रुपये खर्च होंगे। दरअसल विगत मार्च में हुए समझौते के बाद लुंबिनी विकास ट्रस्ट ने अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महासंघ को लुंबिनी में भारतीय केंद्र के निर्माण के लिए जगह आवंटित की। एक बार तैयार हो जाने के बाद लुंबिनी के इस भारतीय केंद्र में दुनिया भर के श्रद्धालु और पर्यटक ठहर सकेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की इस संक्षिप्त नेपाल यात्रा में फोकस, जाहिर है, काठमांडू के बजाय लुंबिनी पर रहा। लुंबिनी नेपाल की पवित्रतम जगह तो है ही, उस देश के कुछ महत्वपूर्ण सांस्कृतिक केंद्रों में से भी है, इस कारण यूनेस्को ने इसे अपनी विश्व धरोहर सूची में रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने लुंबिनी में जो कुछ भी कहा, उसके कूटनीतिक महत्व की अनदेखी नहीं की जा सकती।

मोदी की टिप्पणी थी कि भारत और नेपाल के रिश्ते हिमालय की तरह हैं, जिन्हें हिलाया नहीं जा सकता। उन्होंने नेपाल के साथ भारत के संबंधों के बारे में वही कहा, जो चीन अक्सर पाकिस्तान के साथ अपने रिश्तों के बारे में कहता है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जब चीन के दौरे पर गए थे, तब शी जिनपिंग ने कहा था कि चीन और पाकिस्तान के रिश्ते पहाड़ों से भी ऊंचे और सागर से भी गहरे हैं। चारों तरफ से जमीन से घिरे नेपाल में ऊंचे पहाड़ हैं।

सुभाष चंद्र कुशवाहा

## मिला जुला

# कलेक्टर ने अपने अधिकारियों की ली बैठक समस्या का तत्काल करें निराकरण

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



कलेक्टर इफ्फ त आरा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जिले प्रवास के दौरान किए गए घोषणा एवं दिए गए निर्देशों का त्वरित निराकरण करने एवं संबंधित विभाग के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा समय अवधि में निराकरण करने निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को शासकीय भवनों में अनिवार्य रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने के निर्देश दिये। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर शिव बनर्जी,रवि सिंहए,दीपिका नेतामए डिप्टी कलेक्टर वही दूरर्रहमान एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री के चौपालए भेटवार्ता एवं विशेष चर्चा के दौरान किए गए घोषणाओं को शासन स्तर पर भेजने तथा जिला स्तर के मांग को यथा शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने शिक्षकों की नियमित उपस्थिति एवं शिक्षा गुणवत्ता में सुधार करने, क्षेत्र में पानी की समस्या दूर करने के लिए जल संरक्षण में कार्य करने, राजस्व विभाग संबंधित शिकायतों पर जांच कर कार्यवाही करनेए गौठान निर्माण एवं आवर्ती चराई के गौठान को प्राथमिकता से करने के निर्देश दी है। उन्होंने क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या के निराकरण के लिए बेहतर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये तथा जहां पर लो वोल्टेज है वहां की लाइन ठीक करने कहा। जहां.जहां ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई है स्थल चयन कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

उन्होंने वन अधिकार पट्टों का ग्राम पंचायत स्तर पर सुनवाई कर उन्हें न्यायोचित पट्टा दिलाने हेतु अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया है। शासन की मंशा अनुसार सभी जिला अधिकारियों को धरातल में जाकर समस्याओं का निराकरण करने निर्देश दिए हैं। उन्होंने पटवारी की उपलब्धता और कामों का संपादन, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति एवं अध्यापन कार्य, मध्यान भोजन योजना का संचालन, स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य अमले एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा हाट बाजार क्लीनिक का नियमित संचालन करने के निर्देश दी है तथा गर्मी मौसम मे पानी की समस्या ना हो इसके लिए खराब पड़े सभी हैंडपंप को मरम्मत करने एवं नल जल योजना का सुचारू रूप से संचालन करने के निर्देश दिए हैं।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के दावा आपत्ति निराकरण पश्चात चयनित अभ्यर्थी एवं प्रतीक्षा सूची जारी

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

कार्यालय आयुक्त, पदेन सचिव छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय आश्रम एवं शैक्षणिक संस्थान समिति नवा रायपुर द्वारा जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शिवप्रसादनगर, ओड़गी, प्रतापपुर तथा प्रेमनगर के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 03 अप्रैल 2022 दिन रविवार को आयोजित किया गया। जिसके आधार पर मेरिट सूची तथा आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए अभ्यार्थी के विद्यालय चयन वरीयताक्रमानुसार संस्था आबंटित किया जाकर चयनित अभ्यार्थी समस्त दस्तावेज के साथ 25 अप्रैल से 10 मई 2022 तक चयनित, आबंटित विद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण करा लेने हेतु




निर्देशित किया गया था। शेष कुल स्वीकृत सीट का 10 प्रतिशत् सीट ऐसे बच्चे जो अपने माता-पिता को वामपंथ उग्रवाद विद्रोह या कोविड में खो दिए हो, घुमन्तु समुदाय के बच्चे, विधवा महिला एवं दिव्यांग माता पिता के बच्चेए भूमि दान करने वाले परिवार के बच्चे, अनाथ बच्चे हेतु आरक्षित रखा गया था। दावा आपत्ति से प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण के पश्चात् चयन सूची क्र0-02 बालक, बालिका एवं प्रतीक्षा सूची जारी की गई है। चयनित विद्यार्थी समस्त दस्तावेज के साथ 18 मई से 30 मई 2022 तक आवंटित विद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण करा सकते हैं। प्रतीक्षा सूची की सूचना पृथक से दी जायेगी।

### आवश्यक दस्तावेज

कक्षा पांचवीं के अंकसूची की छायाप्रति, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र की मूल प्रति, छग का मूल निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, अनुसूचित जनजाति का स्थायी जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड का छायाप्रति, पासपोर्ट फोटो 03 नग, सरपंच द्वारा जारी दूरी प्रमाण पत्र की मूल प्रति, जिला चिकित्सालय बोर्ड का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र की मूल प्रति, विद्यार्थी का बैंक खाता की छायाप्रति, बटन फ ाईल 01 नग, विद्यालय का नाम, प्रवेश लेने का स्थान एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शिवप्रसादनगर बालक विण्खं भैयाथान, संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ओड़गी विख ओड़गी, संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रतापपुर विख प्रतापपुर एवं कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रेमनगर वि.खं प्रेमनगर।

# किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष श्याम बिहारी जयसवाल के नेतृत्व में भाजपा चिरमिरी मंडल ने अवैध कामों पर रोक लगाने थाने में दिया ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

अवैध कोयला उत्खनन, कबाड़ चोरी, गांजा, शराब, सट्टा के खिलाफ त्वरित कार्यवाही किए जाने को लेकर किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा चिरमिरी मण्डल ने चिरमिरी थाना में नगर पुलिस अधीक्षक व अनुविभागीय अधिकारी चिरमिरी को ज्ञापन सौंपने के साथ 25 मई को चिरमिरी थाने के समक्ष धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि चिरमिरी कोयलांचल नगरी है यहां हर तरफ कोयला उपलब्ध है। कई खदानों को एसईसीएल के द्वारा कई कारणों से बंद कर दिया गया है। लेकिन उन्ही बंद खदानों से प्रतिदिन सैकड़ो लोगों के द्वारा कई टन कोयला छोटी बड़ी वाहनों के माध्यम से तस्करी कर लिया जा रहा है। साथ ही कबाड़ गिरोह के द्वारा चिरमिरी क्षेत्र के एसईसीएल व प्राईवेट क्षेत्रों में रात के समय अवैध रूप से लोहे के स्कैप



काटने का काम किया जा रहा है। जिसका सीधा उदाहरण कोरिया साइडिंग, वेस्ट चिरमिरी कॉलरी व डोमनहिल देवा खदान के पास एसईसीएल के बंकर व अन्य लोहे के स्ट्रक्चर एक साल पहले तक देखने को मिलते थे लेकिन आज नजर ही नही आ रहे है। इससे साफनजर आता है कबाड़ गिरोह किस हद तक चिरमिरी में अपने अवैध करोबार को फैला चुका है। जिससे राष्ट्रीय सम्पत्ति के साथ ही आम जनों को भी नुकसान पहुंचाने का काम कबाड़ माफियाओं के द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। पूरे क्षेत्र में जनचर्चा का विषय है कि कोयला व कबाड़ के इस संगठित अवैध करोबारियों के समक्ष शासन प्रशासन केवल मुक दर्शक की भूमिका में रह गया है। इसके साथ ही संपूर्ण चिरमिरी क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों व मोहल्लों में गांजाए दारू व सट्टे का अवैध करोबार काफी जोरों से चल रहा है। जिसके कारण गांजा व शराब से जहां युवा पीढ़ी ग्रसित हो रही है तो वहीं दूसरी ओर अवैध शराब के कारण कई परिवारों के सामने जीवन यापन की समस्या आ चुकी है। ये सभी कारोबार चिरमिरी क्षेत्र में काफी पैर पसार चुका है जिसपर त्वरित कार्यवाही किया जाने की आवश्यकता है। पत्र में आगे कहा गया है कि प्रशासन के द्वारा कोयला, कबाड़, गांजा, शराब, सट्टा माफियाओं के उपर त्वरित कार्यवाही करने के साथ ही चिरमिरी क्षेत्र में शांति व्यवस्था व सामाजिक समरस्ता को बनाये रखने का कार्य किया जाना उचित चाहिए। अन्यथा इन सभी अवैध धंधो पर लगाम न लगने पर भारतीय जनता पार्टी चिरमिरी मंडल 25 मई को थाना घेराव का उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगी। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# किसान नेता योगेश तिवारी, समाजसेवी सुरेंद्र छाबड़ा और ताराचंद माहेश्वरी के संयुक्त तत्वधान में सिलाई मशीन का वितरण

जाहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बीते दिनों जिला मुख्यालय में जन सहयोग से पांच दिव्यांग जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इस विवाह समारोह में किसान नेता योगेश तिवारी, समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी और सुरेंद्र छाबड़ा की भूमिका और मदद सराहनीय रही। अब इन दिव्यांग जोड़ों को सुखी दांपत्य जीवन निर्वाह के लिए स्वरोजगार से जोड़ने सिलाई मशीन का वितरण किया गया। इस संबंध में किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि हमारा संयुक्त प्रयास दिव्यांग जोड़ों के सिर्फ विवाह तक सीमित नहीं है उनके जीवन को और बेहतर कैसे किया जाए इसके




भी प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में दिव्यांग जोड़ो में महिलाओं को रोजगार से जोड़ने सिलाई मशीन बांटी गई है। हर दिव्यांग की एक खूबी होती है पुरुष दिव्यांग घर से बाहर या घर में रहकर तो रोजगार के जरिए आजीविका चलाते हैं। इसमें उनकी पत्नी सिलाई कढ़ाई के जरिए घर खर्चे में मदद कर सकती है। इसलिए सिलाई मशीन वितरण की पहल की गई।

इन दिव्यांग जोड़ों के जीवन को बेहतर करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। अभी यह शुरुआत है आगे भी जन सरोकार के कार्य संपादित किए जाएंगे। दिव्यांग बिंदा यादव खिलोरा, प्रदेशनीन साहू खिलोरा, अनीता साहू मोहभट्ठा, कोदवा जगेश्वरी निषाद डंगनिया, सरस्वती साहू घठोली को सिलाई मशीन बांटी गई है । इस दौरान निसक्तजन सेवा संघ जिला बेमेतरा अध्यक्ष रामलाल साहू, कुंजीलाल दुबेए सुरेंद्र साहू, नीलकुमार बघेल, मनमोहन सिंह वर्मा, आत्माराम पटेल आदि उपस्थित थे।

# सीएम साहब की एक्शन मोड गाड़ी मेधावी छात्रों की प्रोत्साहन व मजदूरों की अंत्येष्टि राशि श्रम विभाग गबन मामला तक पहुंचेगी सवाल

## निरीक्षक प्रभारी की कार्यशैली पर संदे जांच टीम बनी अब तक शून्य कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

एरोला बीजापुर जिले के जिला मुख्यालय के श्रम विभाग का पूरा मामला वर्ष 2019-2020 से लगातार चल रहा था मेधावी छात्रों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि व मजदूरों को दी जाने वाली अंत्येष्टि लाखों में राशि में बड़े स्तर पर गबन का मामला पूरे मामले में जिम्मेदार अधिकारियों की नदारद वह अपने आप को इस मामले से बचाने के लिए कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी जो सरकारी नहीं बल्कि प्लेसमेंट से एग्रीमेंट पर काम करने वाला जिस पर दबाव बनाकर पैसों की कराई हेरा फेरी अपने हस्ताक्षर व पावर का इस्तेमाल कर पहले विभाग जांच टीम में सम्मिलित होकर एक अधिकारी ने विभाग अपने और अपनों के ऊपर लगे आरोपों से बचने बचाने के लिए जो अपनी रोजी रोटी के लिए संविदा पर कार्य कर रहा था जिसे फंसाने का पूरा इंतजाम कर दिए हम इस मामले में पूरी जानकारी लेने संबंधित अधिकारी के कार्यालय पहुंच इस संबंध में बात की थी। उन्होंने साफतौर पर कहा था कि हमारे कार्यालय में पदस्थ प्लेसमेंट डाटा ऑपरेटर एन किशोर को ऑपरेटर के अलावा लेखा शाखा का पूर्ण जिम्मेदारी दिया गया था और जबकि जिसकी सच्चाई जानने अन्य आरोपों से घिरे व्यक्ति उक्त ऑपरेटर से जानने की कोशिश की और व दस्तावेज प्राप्त करने की कोशिश की जिसमें उन्हें लेखा शाखा की जिम्मेदारी दी गई पर हमारी हाथ जो कागज लगे व ऑपरेटर की जुबानी सुनी बात से जिससे हमारी आंखें नहीं खुली बल्कि आपको भी सच्चाई जानकर अजीबो गरीब लगेगा एक जिम्मेदार अधिकारी वह अन्य के ईशारों पर हुई खेल पर अपने आप और अपने अधिनस्थ अन्य जिम्मेदारों को बचाने के लिए किस तरह गोल मोल जवाबों का प्रयोग कर गुमराह कर सकता हैं। इसका अंदाजा हुआ पहले तो आधा घंटा इधर-उधर की बात बाद जब हमने कैमरा के सामने वही शब्द बोलने के लिए कहीं तो पहले तो इधर उधर की जवाब दिया सोच समझकर पूरी योजनाबद्ध तरीके से जवाब देकर बचने की भी कोशिश की। हमने ज्यादा जानकारी इकट्ठा की तो बताया जा रहा है कि 2018 से अशोक चौरसिया श्रम अधिकारी बीजापुर, सोपान कर्णेवर.2015, मुकेश बघेल.2014 श्रम कल्याण




निरीक्षक नारायणपुर 2015 मई मे भर्ती प्लेसमेंट डाटा ऑपरेटर तब से ही चल रहे हैं। या गबन का मामला अधिकारियों के तब व पहुंच इस्तेमाल किया जा रहा है। ऑपरेटर कहे अनुसार मामले पर जांच सितम्बर 2021 में 22.09-2021 को मामला संज्ञान में आने के बाद पूर्व कलेक्टर रितेश अग्रवाल ने दंडाधिकारी जांच के आदेश दिए थे। श्रम विभाग के श्रम निरीक्षक व अन्य कुल 4 इस जांच टीम में हुए शामिल बड़े ही शातिर आना तरीके से पूरे मामले में डाटा ऑपरेटर प्लेसमेंट कर्मचारी एन.किशोर को एक तरफा घसीटा जा रहा है या आरोप पैसों की लेनदेन संबंधित जानकारी देकर किशोर ने कही संबंधित लेन देन कभी बस से लिफाफें के माध्यम से अधिकारी के घर नगद रकम भेजने की मांग पर भेज कर इस बस में भेजा हुआ ड्राइवर के नम्बर सहित गाड़ी का फ टो खींचकर भेजें व श्रम निरीक्षक के साथ थी उनकी पत्नी को कभी पेटीएम तो कभी ऑनलाइन अकाउंट टू अकाउंट से पेमेंट करने वाली बात हमें बताई इस संबंध में श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवर से हमने बात की थी तो उन्होंने कहा कि उधार के पैसे वापस कि ऑनलाइन स्टेटमेंट से कुछ नहीं होता कर कहा सवाल अब भी है उधार एक बार लिया जो समझ सकते हैं पर हजारों में पेटीएम और ऑनलाइन पेमेंट से पूरे मामले में सम्मिलित होने की सबूत मिलते हैं वह भी पत्नी के खाते मे भी जमा की गई रकम किशोर उक्त स्टेटमेंट के लिए एसबीआई में आवेदन किया वह मीडिया को उपलब्ध कराया। श्रम निरीक्षक की गोलमोल जवाब से बचने की कोशिश पूर्व की इनकी गतिविधियां वह विवादित कार्यों से वे मीडिया में बने थे जिसमें स्पोर्ट अकैडमी कोच बाद बने खेल अधिकारी रहते एक ऑपरेटर को गाली गलौज बाद एक शब्द में कहे तो जबरदस्ती मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़े पर पूर्व के अधिकारियों ने इस पर नजर अंदाज किया था। पूर्व में विवादित में क्यों रहे जाने कुछ इनके बारे में कराते और जुडो की संस्कृति भवन इंदिरा मार्केट के बाउंड्री में मौजूद नगर पालिका द्वारा खेल के लिए निर्मित भवन कि मारामत कार्य कर खेल में खिलाड़ीयों की अच्छी प्रदर्शन मेडलो की प्राप्ति को देखकर दिया गया था जिसमें यह अधिकारी ने अपने खेल के कार्यालय के लिए मांगा था बाद अपनी पत्नी प्राची कर्णेवर को अपनी क्लीनिक खोलने के लिए अंदर ही अंदर एक लेटर देकर पालिका को गुमराह कर या भवन आवंटन कराया हुआ है। पंजीकृत खेल संस्था को पूर्व में मिला था उन्हें मिलने से रोका। या पूरे गबन मामले में जो शासकीय कर्मचारियों के खाते में गया उनका विवरण जिन के खातों में राशि जमा हुआ कुछ लोगों से हमने फोन पर बात की तो विभाग के पैसें है। इस बात की जानकारी नहीं होने की बात कही व आखरी में अधिकारियों को किशोर पैसा लेकर दिया कर भोले ऐसा कहा। जिनके खातों में पैसा तो गया जबकि एक जिम्मेदार होने के नाते उस समय इन्होंने नहीं बताया ना ही इन्हें किसी तरह विभाग से नोटिस जारी हुई।

इन कर्मचारी के अलावा और भी है। अन्य का नाम लिस्ट में नहीं किया गया शामिल बहुत जल्दी नाम आएंगे सामने पर श्रम अधिकारी ने सात दिवस पूर्व नोटिस जारी हुआ कर मीडिया को ही गुमराह किया पूरे मामले में ध्यान आकर्षित करें तो साफ झलकता है। जिम्मेदार इस विभाग के जिनकी प्रमुखता से संलिप्तला दिखती है अब देखना होगा कि खबर लिखने के बाद उच्च अधिकारी इस पूरे मामले पर दंडाधिकारी जांच की बनाई है जांच की लगभग पूरा हो गया पर अब तक कार्यवाही नहीं हुआ जिससे ऐसे लोगों को बढ़ावा मिल रहा है जिससे स्थानीय लोगों को नुकसान हो रहा है प्रशासनिक अधिकारी व सरकार बदनाम हो रहा है ऐसे मामलों से कब होगी कार्रवाई देखने वाली बात होगी ।

# टोनही प्रताड़ना के भय से भागे बेमचा के ग्रामीणों की रात थाने में बीती

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




जिला मुख्यालय से लगे ग्राम बेमचा में बीती रात टोनही प्रताड़ना की एक और घटना घटती, इसके पहले ही गांव से भाग आए दर्जन भर लोगों ने पूरी रात स्थानीय सिटी कोतवाली थाना परिसर में ही गुजारी। हालांकि थाना पहुंचे लोगों की रिपोर्ट पर पुलिस ने बेमचा पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तो सब कुछ खैरियत होने पर पुलिस वापस लौट आई। अल सुबह थाना परिसर में ही मौजूद बेमचा ग्राम के ग्रामीणों ने इस प्रतिनिधि को बताया किए बीती रात वे सभी अपने घरों में सो रहे थे। रात्रि 9:30 बजे के लगभग सरपंच, उपसरपंच, पंच आदि लोग केजूराम, परसराम, रिखिराम, मोहित सहित उनके परिवार की महिलाओं को बुलाकर गांव के चौक में ले गए। वहां पर और भी लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जहां पर केजुराम वगैरह के परिवार की महिलाओं पर गांव के ही एक अन्य महिला को जादू टोना से बीमार करने का आरोप लगाकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए तथा पेट्रोल से जला देने और जमीन में गड्ढा खोदकर दफन कर देने की बात कही जाने लगी। जिससे प्रताड़ना की आशंका में डरकर भागते हुए केजू राम वगैरह महासमुंद पहुंचे और कोतवाली थाना में लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग किए हैं। ज्ञातव्य है किए वर्षों पूर्व ग्राम बेमचा में ही टोनही प्रताड़ना की एक लोमहर्षक घटना घटित हो चुकी है। जिसमें पीड़ित महिला को अमानवीय प्रताड़ना देने के आरोप में पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई थी। थाना परिसर में ही रात गुजारने वाले बेमचा के ग्रामीणों में केजू राम चंद्रवंशी उम्र 70 वर्ष, परसराम बघेल उम्र 42 वर्ष,शैल कुमारी उम्र 38 वर्ष,मोहित बघेल उम्र 25 वर्ष, वर्षा उम्र 24 वर्ष, धर्मेंद्र, अमन, कुमारी तुलसी उम्र 19 वर्ष, रिखी राम चंद्रवंशी मोहन चंद्रवंशी और राजेंद्र सतनामी तथा राज बाई रात्रि उम्र 70 वर्ष शामिल है।

# बूथ स्तर को मजबूत करने ग्रामीणों से चर्चा करने पहुंचे भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ. योगीराज माखन कश्यप

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी कार्य विस्तार योजना अंतर्गत बूथ स्तर पर वृहत कार्यक्रम संचालित हो रहे है जिसमे भाजपा ने विशेष कार्ययोजना बनाकर बूथ पर जनजागरूकता के साथ नरेंद्र मोदी के योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति को बताया जा रहा है तथा भुपेश बघेल की असफ लताओं की काली कहानी को भी बहुत स्पष्ट रूप से लोगों से साझा किया जा रहा है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ. योगीराज माखन कश्यप का जांगड़ा शक्तिकेन्द्र के जुगाड़,तोरेंगा ,बरगांव, जांगड़ा,पायलीखंड़ बूथ पर लगातार प्रवास हो रहा वहां उपस्थित होकर वहां के पदाधिकारियों से स्थानीय जनमानस को संपर्क कर रहे हैं। महिला स्वसहायता समूह तथा युवा समूह एवं समाज तथा गांव के प्रबुद्ध जन से भेंट मुलाकात कर हालचाल पूछ कर कांगेस सरकार के विफ लता को जन मानस तक आसान शब्दो और उनके भाषा मे समझा रहे है बूथ को मजबूत बनाने के लिए सभी मतदाताओं से भपेश सरकार की छल कपट का पोल खोलते हुए चर्चा कर रहे है तथा मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजना के बारे विस्तृत जानकारी दे रहे है।

डॉ. योगीराज माखन कश्यप ने कहा कि वर्तमान में लोगो में कांग्रेस सरकार के प्रति रोष दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है बहुत से लोगो को प्रधानमंत्री आवास को नही देने से भुपेश सरकार को आड़े हांथो लिए है,आयुष्मान योजना से वंचित होना। किसान सम्मान निधि से वंचित होना,गौठान और वर्मी कंपोस्ट के नाम पर व्यापक भ्रष्टाचार पर जनाक्रोश फैलचुका है।

युवाओं में बेरोजगारी भत्ता और सरकारी नौकरी को लेकर भुपेश सरकार को घेरने की तैयारी है वनांचल क्षेत्र होने के नाते वनोपज से संबंधित चर्चा में ग्रामीणों ने सरकार के वनोपज न खरीदने तथा ढुलमुल रवैये के बारे बताते हुए विरोधके स्वर को गूंजीत कर रहे है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ. योगीराज माखन कश्यप ने कहा कि कांग्रेस सरकार कंगाल हो चुकी है मुखिया के पास न तो ध्येय है ना ध्येयता है छत्तीसगढ़ भगवान भरोसे चल रहा है 2023 में भुपेश बघेल को खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

# तेल कंपनियों की मुनाफाखोरी के कारण महंगाई बेलगाम,जनता की जेब पर डाका

## जैन संवेदना ट्रस्ट ने प्रधानमंत्री व पेट्रोलियम मंत्री से पत्र लिखकर संवेदनशील निर्णय की रखी मांग

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

बेतहाशा बढ़ती महंगाई से त्रस्त आमजनता को राहत दिलाने हेतु जैन संवेदना ट्रस्ट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व पेट्रोलियम मंत्री हरदीप एस पूरी को पत्र लिखकर तेल कंपनियों की अनावश्यक मुनाफ ाखोरी पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने कहा है कि पेट्रोल डीजल व अन्य कमोडिटी के दाम बढ़ने से थोक महंगाई दर उच्चतम स्तर 15 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गई है । जोकि गत वर्ष की तुलना में 4.25 प्रतिशत अधिक है। जिसके कारण देश में उपभोक्ता वस्तुओं के मूल्यों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आमजनता के मासिक बजट में 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है और कोरोना की तीनों लहर के बाद आमजनों की कमाई घटी है। घर का खर्चा चलाना मुश्किल हो गया है। जिसके फ लस्वरूप आमजनता मानसिक अवसाद, बीपी, शुगर जैसी बीमारियों से घिर गई है एवं परिवार सहित आत्महत्या करने मजबूर हो गए हैं। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने आगे कहा कि




**खाद्य सामग्री के परिवहन को टोल टैक्स मुक्त करने की मांग ताकि महंगाई कम हो**

देश की इन परिस्थितियों के दौरान पिछ्ली तिमाही में जहां तेल कंपनियां नुकसान में तेल बेचने की बात कह रही थी 9 रुपये का नुकसान बता रही थी उस काल में केवल इंडियन ऑयल ने ही 6000 करोड़ से ज्यादा का मुनाफा कमाया है। पेट्रोल डीजल के दामों में बेतहाशा वृद्धि से दैनिक उपयोग की सब्जी किराना फ ल खाद्यान्न इत्यादि के दामों में वृद्धि की मार जनता झेल रही है और तेल कंपनियां मुनाफा कमाने का रिकॉर्ड बना रही है । जोकि आम जनता की जेब पर डाका है। इंडियन ऑयल की तेल बाजार में आधी हिस्सेदारी है इतना ही मुनाफा अन्य कंपनियों ने भी कमाया है। कोचर व चोपड़ा ने कहा कि सरकार का काम मुनाफ ा कमाना नही होना चाहिये उसे जनता को सही दाम पर सुविधा उपलब्ध कराना चाहिए। सरकार के संरक्षण में तेल कंपनियां जनता की जेब पर डाका डाल रही है। देश की जनता संवेदनशील सरकार से उम्मीद करती है कि शीघ्र पेट्रोलियम पदार्थों की मुनाफाखोरी पर लगाम लगाकर जनता को महंगाई से राहत दिलाएगी। जैन संवेदना ट्रस्ट ने टोलप्लाजा को भी महंगाई का बड़ा कारण बताया है व मांग की है कि खाद्य पदार्थों के परिवहन को टोल टैक्स से मुक्ति प्रदान कर जनता को महंगाई की मार से बचाया जाए।

# भालू के काटने से एक ग्रामीण गंभीर,अस्पताल में भर्ती

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

जिले के वन परिक्षेत्र मनेंद्रगढ़ अंतर्गत लेदरी के जंगलों में बकरी चराने गये ग्रामीण पर भालू ने हमला कर दिया। हमले में भालू ने ग्रामीण के हाथ और कलाई को काट दिया। शोर मचाने पर अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती करा दिया है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी मनेंद्रगढ़ हीरालाल सेन ने बताया कि पुरानी लेदरी निवासी रामनाथ पिता वंशधारी सिंह गोंड उम्र 42 ग्रामीण बकरी चराने जंगल की ओर गया था जहां उसका सामना भालू से हो गया। भालू ने ग्रामीण के हाथ और कलाई को काट दिया



जिसकी सूचना मिलते ही उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है साथ ही मुआवजा राशि के रूप में तत्काल 1000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। उसके बेहतर इलाज के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। परिक्षेत्र अधिकारी ने आगे बताया की क्षेत्र में भालुओं की संख्या काफ ी ज्यादा है। इसलिए ग्रामीणों को जंगल ना जाने की सलाह दी जाती है लेकिन गांव वाले मवेशी चराने, तेंदू तोड़ने के लिये अक्सर जंगल जाते रहते है और इस प्रकार की घटना हो जाती है। फिलहाल घायल ग्रामीण का ईलाज चल रहा है और उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

# चौपाल लगानी हो तो सिलगेर में लगाएं सीएम

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

**छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भुपेश बघेल का विधानसभा दौरा और ताबड़तोड़ कार्रवाई चुनावी स्टंट से बढ़कर कुछ नहीं। मुख्यमंत्री बघेल जन चौपाल, भेंट मुलाकात के जरिए घटते जनाधार को वापस पाने की जुगत में नजर आ रहे हैं।**

बुधवार से मुख्यमंत्री का बस्तर दौरा भी शुरू हो चुका है। गुरूवार और शुक्रवार को मुख्यमंत्री बीजापुर के दौरे पर रहेंगे। मेरा मुख्यमंत्री से आग्रह है कि वे कुटरू, आवापल्ली ना जाकर सिलगेर जाएं। खुद को आदिवासियों का हितैषी बताने वाले मुख्यमंत्री उन आदिवासियों के बीच पहुंचे, जो पिछले एक साल अपने उपर हुए ज्यादती, उत्पीड़न को लेकर आंदोलनरत् है। अब तो उनके मंत्री कवासी लखमा ने भी सिलगेर घटना पर दुख जताया है। इसलिए छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस मांग करती है कि अगर प्रदेश के मुखिया को बस्तर के आदिवासियों की जरा सी फिक्र है तो सबसे पहले सिलगेर पहुंचे। आंदोलनरत् आदिवासियों के बीच चौपाल लगाएं उनकी फरियाद सुने उन पर हो रहे



अत्याचारों की फेहरिस्त कितनी लम्बी है। उसका विशलेषण करें, सही मायनों में चौपाल की दरकार सिलगेर, बुरजी में हैं, जहां आदिवासी महीनों.महीनों से आंदोलनरत् है। बावजूद सरकार को उनकी कोई फिक्र नहीं। उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। बीते बरस तीन आदिवासियों की गोलीकांड में हत्या हो गई। कौन जबावदार है। मुख्यमंत्री अपने दौरे से पहले इसका जबाव दें। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस मुख्यमंत्री से यह पूछना भी चाहती है कि उनके उस वायदे का क्या हुआ जिसमें जेलों में बंद बेगुनाह आदिवासियों की रिहाई की बात कही गई थीए अपने वायदे पर सीएम कहां तक अमल कर पाएं बस्तर की जनता मुख्यमंत्री से इस सवाल का जबाव चाहती है। जब वायदे पूरे नहीं कर सकते तो झूठे वायदे क्यों किए गए। सिलगेर में जो हालात है उस पर सीएम ने कहां तक संज्ञान लिया है। इस सवाल का जबाव भी वे दें। जब मुख्यमंत्री लखीमपुर पहुंचकर पीड़ितों को मुआवजा देने की घोषणा कर सकते हैं तो सिलगेर गोलीकांड के पीड़ितों को क्यों नहीं। बस्तर और लखीमपुर के पीड़ितों में ऐसा भेदभाव क्यों। मुख्यमंत्री का प्रत्येक विधानसभाओं का दौरान चुनावी तैयारी से बढ़कर कुछ नहीं। साढ़े तीन साल में भुपेष यह समझ गए हैं कि प्रदेश की जनता का उनसे मोह भंग हो चुका है। जनाधार घट चुका है। विधायकों की परफॉर्मेंस रिपोर्ट में यह बात खुलकर बाहर आ चुकी हैं। अब अपनी सत्ता बचाने सीएम विधानसभाओं का दौरा कर रहे हैं। इससे कही भी बस्तर की जनता का हित नजर नहीं आता क्यों कि जब सीएम सिलगेर में आंदोलनरत् हजारों आदिवासियों के बीच जाने की हिम्मत नहीं जुटा सकते तो सरकारी तामझाम में उनका चौपाल का कोई मोल नहीं रह जाता।

## एक नजर

# चालक की मनमानी से भीषण सड़क हादसा

## यात्रियों से भरी तेज रफ्तार बस पलटी, 12 लोग घायल, 3 गंभीर सिम्स रेफर

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



प्रयागराज इलाहाबाद से यात्री लेकर बिलासपुर की ओर जा रही बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 12 यात्री घायल हुए, जिसमें 3 लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें बिलासपुर सिम्स रेफर किया गया है। बाकी घायलों का इलाज रतनपुर स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। यह घटना रतनपुर क्षेत्र के चपोरा के मुड़ापार के पास हुई है। जानकारी के अनुसार प्रयागराज बसक्रमांक सीजी 27 के 916 अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इलाहाबाद से सवारी लेकर रायपुर जा रही थी। रतनपुर के पास बस अनियंत्रित होकर पलट गई और पेड़ से टकराकर फंस गई। बस की पूरी सीट यात्रियों से भरी थी। हादसे में सत्यनारायण पाठक, समीक्षा मिश्रा, संगीता मिश्रा गंभीर रुप से घायल हैं। ये तीनों रीवा से रायपुर जा रहे थे, तीनों को सिम्स रेफर किया गया है।

# पंचायत इंजीनियर के घर चोरों का धावा, नगदी सहित जेवर पार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

इन दिनों जिले के पिथौरा ब्लॉक में लगातार चोरी की घटनाएं घट रही है। किंतु इस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। कारण समझ से परे है और पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। जिसके चलते चोरों के हौसले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं और प्रतिदिन नवीन घटनाओं को जन्म दे रहे हैं। इसी तारतम्य में फिर से विगत सोमवार की रात नगर में सिन्हा ज्वेलर्स के अलावा स्थानीय नगर पंचायत पिथौरा के धनेंद्र साहू इंजीनियर आवास योजना के आवास पर भी धावा बोलकर 2 हजार रुपये नगद सहित जेवर पर हाथ साफ कर दिए। नगर में लगातार हो रहा चोरी उठाईगिरी से नगरवासी दहसत में अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगे है। चोर उठाईगीर आसानी से घटना को अंजाम देकर फरार होने में सफल हो रहे है। किसी भी मामले का सुराग तक पुलिस नहीं लगा पाई है। इसके बावजूद पुलिस आरोपियों के शीघ्र पकड़े जाने का दावा भी कर रहे है। कल सिन्हा ज्वेलर्स के साथ नगर पंचायत के इंजीनिजर धर्मेंद्र साहू के यहां भी चोरों ने धावा बोला है।

### साहू के अनुसार वे रात में बाहर थे। इस दरमियान चोरों ने आसानी से उनके घर में प्रवेश

कर नगदी एवम जेवरात तलाशने पूरे घर को अस्त व्यस्त कर दिया था। साहू के अनुसार घर में रखे 2000 रुपये नगद एवम 2 नग चांदी की रिंग चोर ले भागे। साहू ने घटना की लिखित जानकारी स्थानीय पुलिस को दे दी थी, परन्तु इसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। ज्ञात हो कि सोमवार की रात नगर के मुख्य मार्ग में बस स्टैंड स्थित सिन्हा ज्वेलर्स में हुई चोरी ने पुलिस गस्त की पोल खोल दी है।

### जल्द सफलता मिलेगी-एसपी

दूसरी ओर पुलिस अधीक्षक ने स्वयम घटनास्थल का मुआयना किया। शुक्ला ने मीडिया को बताया कि सिन्हा ज्वेलर्स में बड़ी घटना होते बची। फिर भी यह मामला चुनौतिपूर्ण है। इसके लिए साइबर सेल की टीम लगाई गई है। जल्द ही इस मामले में सफलता मिलेगी।

# पहले पत्नी की हत्या, फिर खुद लगा ली फांसी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पत्नी का गला घोंटकर पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला सरायपाली थाना के वार्ड 14 डिपापारा का है। पुलिस ने मामले में मृतक आरोपी पति के खिलाफ हत्या का जुर्म दर्ज किया है। घटना बीते 13-14 मई की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पंचू नायक 46 शराब पीने का आदी था। बीते 13.14 मई की मध्य रात्रि आवेश में आकर पत्नी ललिता नायक की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी और स्वयं बाड़ी के नीम पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह पड़ोस की एक महिला ने पंचू नायक की लाश बाड़ी में फांसी पर लटकी हुई देखी और उसके चचेरे भाई सरनो नायक को सूचना दी। सरनो ने सुबह ललिता को बिस्तर पर मृत अवस्था में देख घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जांच और शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर ललिता की मौत की वजह गला दबाने से होने की बात सामने आई। पुलिस ने चचेरे भाई से पूछताछ की जिसमें उसने बताया कि ललिता बहुत कमजोर थी। पंचू शराब का आदी था। आवेश में आकर उसने पत्नी की हत्या कर स्वयं फांसी लगा ली होगी। पुलिस के मुताबिक दंपत्ति का कोई बच्चा नहीं था। जिसकी वजह से पत्नी मानसिक रूप से अस्वस्थ रहती थीं और पंचू इसकी वजह से शराब पीने का आदी

# आधा दर्जन भ्रष्ट आईएएस अधिकारियों पर मुख्यमंत्री मेहरबान क्यों?

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।


**किसान मजदूर संघ के संयोजक ललित चन्द्रनाहू ने जारी प्रेस नोट में कहा है किए प्रदेश में आगामी वर्ष 2023 में विधानसभा के चुनाव होने है। इसलिए प्रदेश के मुख्यमंत्री उड़नखटोला में सभी विधानसभा क्षेत्रों के भ्रमण में निकल पड़े है। तथा आम जनता से मुलाकात और उनकी समस्याओं से साक्षात्कार की शुरूआत मुख्यमंत्री पद के अन्य दावेदार टीएस सिंहदेव के प्रभाव क्षेत्र से की गयी है।**


कलेक्टर अनिल टूटेजा


कलेक्टर डीडी सिंह


कलेक्टर हिम शिखर गुप्ता


कलेक्टर उमेश अग्रवाल


कलेक्टर आलोक शुक्ला

जन साक्षात्कार के दौरान अनेक छोटे-बड़े शासकीय सेवकों पर मौखिक शिकायतों के जेरेसाया निलंबन की गाज गिरा दी गयी। मुख्यमंत्री द्वारा की जा रही इस अनोखी कार्यवाही पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। प्रदेश के प्रबुद्ध एवं चिन्तनशील जनो का यह मानना है कि मुख्यमंत्री को भ्रमण में निकलने से पूर्व मंत्रालय तथा संचालनालय में ही घुसकर रहने वाले महाभ्रष्ट अधिकारियों की कारगुजारिओं की जानकारिया अनिवार्यत: प्राप्त कर लेनी थी। जिससे उन्हें यह पता चल जाता कि आईएएस कैडर के अधिकारी सुधाकर खल्को की जांच रिपोर्ट कितने महीनों से सामान्य प्रशासन विभाग में मृत्यु को प्राप्त होने की प्रतीक्षा में है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी भुवनेश यादव की अध्यक्षता में गठित जांच दल में खल्को के काले कारनामों को उजागर किया है। खल्कों के विरूध्द एफआईआर दर्ज कराने का लिखित अनुरोध भी शासन के उच्चाधिकारियों से किया जा चुका है। खलखो हस्तशिल्प विकास तथा माटीकला बोर्ड के प्रबंध संचालक है। इसी प्रकार नागरिक आपूर्ति निगम में हजारों करोड़ रूपये का महा घोटाला करने वाले आईएएस अधिकारी डॉ. आलोक शुक्ला तथा अनिल टुटेजा की विनती मुख्यमंत्री के निकटतम और अतिप्रिय अधिकारियों के रूप में की जा रही है। डॉ. आलोक शुक्ला जिस तरह से विभाग और प्रभार बाटे जा रहे है। तथा महती जिम्मेदारियां सौपी जा रही है। उससे तो ऐसा लगने लगा है कि उनसे अधिक योग्य अनुभवि महाग्यानी, तेजस्वी तथा क्षमतावान अधिकारी तीनों लोकों में कोई दूसरा नहीं है। डॉ. आलोक शुक्ला की पत्नि रेखा शुक्ला को नियम विरुद्ध प्रतिनियुक्ति प्रदान कर उपकृत किया जा रहा है। रेखा शुक्ला दिल्ली की एक कंपनी में कार्य करती थी लेकिन छत्तीसगढ़ को चारागाह समझकर वह भी प्रतिनियुक्ति में खादी ग्रामोद्योग विभाग की प्रबंध संचालक बन गई। जबकि यह पद आईएएस कैडर के लिये आरक्षित है। ग्रामोद्योग बोर्ड में बैठकर वह करोड़ों रूपयों के वस्त्र आदि थोक मार्केट से खरीदकर अन्य विभागों को सप्लाई कर रही है क्योंकि ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित ईकाईयों की उत्पादन क्षमता नगन्य है। शुक्ला के विरूध्द शिकायत होने पर उसे कैसा बचाया जाये इस पर गंभीरता से विचार करने के बाद घोटालेबाजी की दुनिया के बेताज बादशाह डॉ आलोक शुक्ला को ग्रामोद्योग विभाग का प्रमुख सचिव बना दिया गया। रेखा शुक्ला को नियम विरुद्ध प्रतिनियुक्ति देने वाले आईएएस अधिकारी डीडी सिंह पर कार्यवाही न कर उसे अभयदान देने के साथ-साथ दीर्घायु होने का आशीर्वाद भी दे दिया गया। चीटिंग बाजी में कीर्तिमान स्थापित करने वाले हिमशिखर गुप्ता आईएएस पुच फटकार कर नौकरी कर रहे हैं। स्वागत विहार कॉलोनी में अपने परिवार के सदस्यों के नाम अनेक प्लाट आबंटित करने वाले एक अन्य आईएएस अधिकारी उमेश अग्रवाल राजस्व मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। कृषि विभाग के अधीन संचालित चिराग योजना में तिन आईएएस अधिकारियों के पत्नियों रिश्तेदार को रहस्यमयी तरीके से नौकरी दे दी गयी तथा मामला उजागर होने पर शाशन तथा प्रशासन ने रहस्यमयी चुप्पी साध ली। जिस तरह प्रशाकीय दायित्व सौंपने के लिए डॉ अलोक शुक्ल बेमिसाल मान लिए गए हैं वैसे ही चिराग की रौशनी चारों ओर फैलाने के लिए आईएएस अधिकारियों की पत्नियों रिश्तेदार को सक्षम तथा प्रदेश की समस्त महिलाओं को अयोग्य तथा अक्षम मान लिया गया। विज्ञजनों का यह मानना है कि इस मामले को दबाने के पीछे एक विशेष कारण है, जिससे शासन विवश है। उल्लेखनीय तथ्य यह भी है कि मुख्यमंत्री भ्रमण के दौरान सूरजपुर के एक आईएएस अधिकारी के कार्यालय में 10 प्रतिशत रिश्वत मांगे जाने की मौखिक शिकायत होने पर आईएएस अधिकारी का उसी दिन स्थानांतरण किया गया। 5 प्रतिशत लेने के कारण झारखण्ड में एक महिला आईएएस अधिकारी निपट गई। लेकिन प्रदेश के लोगों को यह जानकारी नहीं है कि, छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में परसेंटेज दर कितना हाई है। लोगों को कोरबा जिला परसेंटेज ज्ञात करना चाहिए। कोरबा जिला मामले में तो एक मंत्री की आवाज भी नक्कार खाने में टूटी की आवाज बनकर रह गई है। मुख्यमंत्री द्वारा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान शासकीय सेवकों को जिस तरह निलंबित किया जा रहा है, उससे यही निष्कर्ष समझदारों द्वारा निकला जा रहा है कि मंत्रालय और संचालनालय में बैठे भयावह और विशालकाय मगरमच्छों को सरक्षण और अभय प्रदान करने के लिए ही छोटी मच्छलियों का शिकार कर समाज को यह सन्देश देने का असफल प्रयास किया जा रहा है कि अकर्मण्य तथा रिश्वतखोर शासकीय सेवकों के प्रति शासन पूर्णत: कठोर तथा असहिष्णु है। अर्थात शासन सब्बल चोरों को पुरस्कृत करने तथा सुई चोरों को तिरस्कृत करने की निति पर चल रही है। छत्तीसगढ़ सरकार मंत्रालय तथा संचालनालय में बैठकर दुकानदारी करने वाले आईएएस अधिकारियों पर आंच ना आने देने तथा उनकी हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह कटिबद्ध और सचेत है।

## एक नजर

### तालाब में डूबने से 8 वर्षीय बालक की हुई मौत

जोहर छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



खंडसरा चौकी के अंतर्गत आने वाला ग्राम लावातरा में 8 वर्षीय बालक उमेश कुमार घृतलहरे पिता हंसराज घृतलहरे उम्र लगभग 8 वर्ष की तालाब में डूबने से मौत हो गई। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजवाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बालक उमेश अपने दोस्तों के साथ बुधवार को सुबह तकरीबन 8 बजे गांव के ही गौठान के पास तालाब में नहाने गया हुआ था। नहाते-नहाते वह तालाब में डूब गया अन्य बच्चों ने गांव के लोगों को घटने की जानकारी दी तब तक उमेश की तालाब में डूबने से मौत हो गया था।

### तनामी समाज सम्मान समारोह एवं युवा महोत्सव में हजारों लोग हुए शामिल

गौरव सम्मान से नवाजा गया सतनामी समाज के प्रतिभागियों को

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




सतनामी समाज रायपुर जिला से आयोजक यूथ कमल कुर्रे ने बताया कि 15 मई 2022 को राजधानी रायपुर में सतनामी समाज गौरव सम्मान एवं युवा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज के लोग हजारों लोग शामिल हुए जिनसे समाज को उनके द्वारा किये गए कार्य से सतनामी समाज को एक नया पहचान मिला हो ऐसे लोगों को खोज कर सम्मान किया गया। जिस पर अलग अलग 16 क्षेत्रों के लोगों का जैसे खेल, कलाकार, नृत्य, लेखाकार, शिक्षक, स्वास्थ्य, पुलिस, किसान, राजनीतिक, स्पोर्ट, संगीतकार के लोगों का सम्मान किया। जिसका शुरुवात परमपुज्य बाबा गुरुघासीदास जी पूजा अर्चना कर मंगल आरती के साथ किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ के संगीतकार शशिरंगिला ने अपने आवाज से सबको मग्नमुध कर दिया उसके बाद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जिलेवार लोगों को मंच पर गौरव सम्मान पत्र श्री फल, गमछा, जैत खांम मॉडल भेट किया गया बीच बीच में बाबा जी के गानों को सप्रशिद्ध कलाकारों के द्वारा मंच प्रस्तुति दी गई जिसपर दर्शक गन झूम उठे जिस पर मुख्यरूप से उपस्थिति: मुख्यातिथि पद्मश्री राधेश्याम बारले, प्रांतिका भारद्वाजआनंद प्रकाश मिरी, अध्यक्षता कर रहे राजाराम बनर्जी, अजित ओगरे, विशिष्ट अतिथि के रूप में केपी खांडे मनोज बंजारे, सुभाष कोसरे, राकेश देवहरे दिलीप मिरी एवं बड़ी संख्या में सतनामी समाज के युवा शक्ति शामिल हुए और आयोजन को शानदार सफल बनायें जाने में अपना तन मन धन लगाया जिसपर आयोजक कमल कुर्रे ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर उनका आभार प्रकट किया गया इस आयोजन में खास बात यह रहा कि पहेली बार बिना राजनीति इनवाल के आयोजन सुपर हिट सक्सेस हुआ उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मन, बाबू, राहुल, प्रिंस, प्रवीण आशीष द्वारा दिया गया।

# सीईओ के नोटिस का कोई असर नहीं,17 दिन बाद भी नहीं हुआ आहता निर्माण कार्य शुरू

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।


जामगुरियापारा के प्राथमिक स्कूल से आहता की हो गयी चोरी
स्वीकृति को दो साल हो गये राशि भी आहरण कर लिया पर स्कूल में आहता बना नहीं

फॉलोअप

देवभोग के अमाड पंचायत में सरपंच उपसरपंच और सचिव ने मिलीभगत कर प्राथमिक शाला जामगुरिया पारा में आहता निर्माण के प्रथम किश्त की राशि दो लाख को हड़प लिया है। ज्ञात हो कि मटेरियल खरीदी के नाम से पंचायत ने दो लाख रूपये आहरण कर आहता निर्माण नहीं कराया। स्थानीय अफसर वहां रूटीन दौरे पर भी जाते थे। तकनिकी सहायक को भी पता था राशि आहरण के बाद भी निर्माण नहीं कराया जा रहा है। पर किसी ने संबंधित पंचायत पर कारवाई नहीं की। प्राथमिक शाला के हेडमास्टर ने कई बार इसकी शिकायत सीईओ से की पर कुछ नहीं हुआ। पांच लाख की स्वीकृति में वेंडर के नाम दो लाख मटेरियल खरीदी के नाम आहरण तो हुआ पर ना मटेरियल पहुंचा और ना ही कार्य शुरू किया गया। स्वीकृति और आहरण को दो वर्ष हो गये कार्य एजेंसी ने कार्य नहीं कराया और प्रशासन को इसकी भनक भी नहीं लगी।

### गांव में सरपंच के खिलाफ आक्रोश

जोहर छग ने इस मामले को प्राथमिकता के साथ उठाया 30 अप्रैल और 1 मई को समाचार प्रकाशन के बाद 2 मई को सीईओ ने निर्माण शुरू कराने सात दिवस का समय देते नोटिस थमा दिया था। नोटिस को सत्रह दिन बीत



**सीईओ ने कहा आरआरसी जारी कर की जायेगी वसूली**

गये पर सरपंच पर सीईओ के नोटिस का कोई असर नहीं हुआ। आहता निर्माण ना कराने और अब तक पंचायत पर कोई भी प्रशासनिक कार्यवाही ना होने पर गांव में जन आक्रोश फैल रहा है नाराज ग्रामीण अब एसडीएम फिर कलेक्टर से शिकायत करने का मन बना रहे हैं।

### तीन जिम्मेदारों ने बराबर बांट लिये आहरण राशि

पंचायत में महिला सरपंच है सरपंच कुछ बताने असमर्थता जताती है सरपंच पति का कहना है प्राथमिक शाला जामगुरिया पारा में आहता निर्माण के पहली किश्त दो लाख रूपये आहरण कर सरपंच टिकेमनी नेगी तत्कालीन सचिव नंदकुमार साहू और उपसरपंच गोलेश्वर नागेश ने मिलिभगत कर आपस में बराबर बांट लिये अब जब दो साल बाद सीईओ का नोटिस मिला तो हड़प किये गये राशि भरने तीनों में तालमेल नहीं हो पा रहा है सरपंच पति को इसबात के लिये कोई फिक्र नहीं है उसका कहना है जो होगा देखा जायेगा।

### सीईओ ने कहा आरआरसी जारी कर वसूली होगी

सीईओ एमएल मण्डावी का इस मामले पर कहना है जनपद पंचायत ने संबंधित पंचायत को सात दिन का समय दिया था अगर उसके द्वारा निर्माण नहीं कराया जा रहा है तो पंचायत के खिलाफ आरआरसी जारी कर वसूली की कारवाई की जायेगी फिर भी जमा नहीं किया जाता है तो सरपंच के खिलाफ पंचायत राज अधिनियम की धारा 41के अंतर्गत बर्खास्तगी की कारवाई होगी।सीईओ ने जनपद के लिपिक को आरआरसी जारी करने के निर्देश दिये है।

# बेरला में राशनकार्ड बनाने के नाम पर अवैध वसुली की शिकायत

कृषि मंत्री ने निलंबित करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा 18 मई को प्रदेश के कृषिमंत्री रविन्द्र चौबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान राशनकार्ड बनाने के नाम पर शिकायत मिली कि बेरला जनपद पंचायत में नया राशनकार्ड बनाने के नाम पर कम्प्यूटर ऑपरेटर भागवत सिन्हा द्वारा तीन तीन हजार रुपये लिया जाता है। कृषि मंत्री ने उसे तत्काल निलम्बित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान विधायक बेमेतरा आशीष कुमार छाबड़ा ने इस आशय की शिकायत की। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कृषि मंत्री ने संबंधित कम्प्यूटर ऑपरेटर के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में संसदीय सचिव एवं विधायक नवागढ़ गुरुदयाल सिंह बंजारे, विधायक बेमेतरा आशीष कुमार छाबड़ा, कलेक्टर बेमेतरा विलास भोसकर संदीपान, पुलिस अधीक्षक धमेंन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ लीना मण्डावी सहित जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

# शराब पीकर स्कूल आने वाले शिक्षक को डीईओ ने किया निलंबित

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



शराब पीकर स्कूल आने वाले सहायक शिक्षक को डीईओ ने निलंबित कर दिया गया है साथ ही शिक्षक बिना सूचना दिए लगातार अनुपस्थित रहता था। जन समस्या निवारण शिविर में पालकों ने उसके खिलाफ शिकायत की थी। इस पर जांच कराई गई। शिकायत सही पाए जाने पर डीईओ ने सहायक शिक्षक को निलंबित कर दिया। कोटा ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला लमरीडबरी के सहायक शिक्षक विरेन्द्र करवार के खिलाफ ग्रामीण और पालकों ने जन समस्या निवारण शिविर में शिकायत की थी। शिकायत में बताया गया था कि शिक्षक आए दिन बिना सूचना स्कूल से गैर हाजिर रहता है। वह कभी-कभार स्कूल आता भी है, तो शराब के नशे में रहता है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए डीईओ डीके कौशिक ने जांच के निर्देश दिए। बीईओ कोटा ने इस पर जांच की और सहायक शिक्षक के विरूद्ध निलंबन की कार्रवाई के लिए अनुशंसा सहित डीईओ को प्रतिवेदन भेजा। डीईओ डीके कौशिक ने सहायक शिक्षक विरेन्द्र करवार को 26 अप्रैल को कारण बताओ नोटिस जारी कर उससे लिखित में जवाब मांगा गया। लेकिन शिक्षक विरेन्द्र करवार अपना जवाब प्रस्तुत नहीं किया। डीईओ ने सहायक शिक्षक विरेन्द्र करवार के कृत्य को शिक्षकीय गरिमा के विपरीत, स्वेच्छाचारिता, अनुशासनहीनता मानते हुए उसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में शिक्षक का मुख्यालय बीईओ कोटा कार्यालय होगा।

# दुबछोला गौठान में आजीविका गतिविधियों का अवलोकन करने पहुंचे कलेक्टर

## अखराडांड़ में पंचायत कार्यालय और गौठान का औचक निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



**आमजनों के आवेदनों पर लिया संज्ञान, शासकीय दायित्वों में लापरवाही पर पंचायत सचिव के निलंबन के निर्देश**

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने ग्राम पंचायत दुबछोला और अखराडांड़ में शासकीय कार्यों और गतिविधियों का औचक निरीक्षण किया। अखराडांड़ में कलेक्टर ने पंचायत कार्यालय एवं गौठान का औचक निरीक्षण किया। दुबछोला गौठान में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण में संलग्न राधे कृष्ण समूह की महिलाओं ने बताया कि गौठान में इसी वर्ष जनवरी से अब तक कुल 193 क्विंटल गोबर की खरीदी की गई है जिसमें से 12 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन किया गया है। यहां बकरी शेड भी तैयार किया जा रहा है। कलेक्टर ने निरीक्षण कर 10 दिनों के भीतर तैयार कर बकरी पालन शुरू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही महिलाओं ने गौठान में एलईडी बल्ब निर्माण और मोमबत्ती बनाने का काम भी शुरू किया है। एलईडी बल्ब निर्माण का कार्य कर रही महिलाओं ने बताया कि मात्र 15 दिनों में ही 100 बल्ब का निर्माण किया गया है। कलेक्टर शर्मा ने स्व सहायता समूह की महिलाओं से गतिविधियों के विषय मे चर्चा करते हुए बेहतर काम करने उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ने प्रशासनिक अमले के साथ चारागाह और बाड़ी का अवलोकन कर बेहतर कार्य के निर्देश दिए।

### शासकीय दायित्वों में घोर लापरवाही पर पंचायत सचिव के निलंबन के निर्देश

कलेक्टर ने गौठान में मौजूद ग्रामीणों से मुलाकात कर मूलभूत आवश्यकताओं के विषय मे चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर ने 60 वर्षीय अंशुमाला मिंज से पेंशन मिलने की जानकारी ली जिसपर पेंशन ना मिलने की बात उन्होंने कलेक्टर से साझा की। इसी तरह पंचायत संबंधी विभिन्न विषयों पर संतोषजनक प्रगति ना दिखने पर शासकीय दायित्वों में घोर लापरवाही पर कलेक्टर ने पंचायत सचिव के निलंबन की कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत को जांच कर पेंशन स्वीकृति की कार्यवाही पूर्ण कराने के निर्देश दिए और एसडीएम को राजस्व मामलों के निराकरण कैम्प लगाकर किए जाने के निर्देश दिए। शासकीय हाई स्कूल दुबछोला का निरीक्षण, आगामी शिक्षण सत्र से स्मार्ट क्लास शुरू कराने के निर्देश कलेक्टर शर्मा ने शासकीय हाई स्कूल दुबछोला में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्राचार्य से बोर्ड परीक्षा परिणाम के विषय में जानकारी ली। प्राचार्य ने बताया गया कि इस वर्ष परीक्षा परिणाम औसत लगभग 86 प्रतिशत रहा। कलेक्टर ने प्रतिवर्ष सर्वाधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों की सूची सूचना पटल पर चस्पा करने कहा तथा मेरिट में आए पूर्व विद्यार्थियों से भी संपर्क करने कहा। अध्ययन कक्ष का निरीक्षण कर उन्होंने आगामी शैक्षणिक सत्र से स्मार्ट क्लास शुरू किए जाने के निर्देश दिए।



## चिरंजीवी, राम चरण-स्टारर आचार्य ने 2 सप्ताह में की 40 करोड़ की कमाई



मेगास्टार चिरंजीवी और राम चरण-स्टारर आचार्य बॉक्स ऑफिस पर एक आपदा साबित हुई है। रिलीज के दूसरे हफ्ते में ही फिल्म का थिएट्रिकल रन लगभग खत्म हो गया है। सभी तिमाहियों से नकारात्मक समीक्षाओं के साथ, फिल्म का कुल संग्रह घरेलू बाजार में केवल 40.73 करोड़ रुपये है। इस बीच, दुनिया भर में कमाई 48.29 करोड़ रुपये शुद्ध और 75.90 करोड़ रुपये की सकल रही।

कोराताला शिवा द्वारा अभिनीत, निर्देशन की कमी और खराब पटकथा के लिए फिल्म की आलोचना की गई है। पिता-पुत्र की जोड़ी स्टारर का निर्माण लगभग 140 करोड़ रुपये के उच्च बजट पर किया गया था, जिसने इसे टॉलीवुड की सबसे महंगी फिल्मों की सूची में डाल दिया। ब्रेक ईवन के लिए, फिल्म को एक और रुपये की जरूरत है। बॉक्स ऑफिस पर 84.21 करोड़, जो अब असंभव प्रतीत होता है।

## ए.आर. रहमान की पहली फिल्म ले मस्क का कान एक्सआर में होगा प्रीमियर

ग्रैमी विजेता भारतीय संगीतकार ए.आर. रहमान की पहली फीचर फिल्म ले मस्क का कान फिल्म मार्केट के कान एक्सआर प्रोग्राम में वर्ल्ड प्रीमियर होगा। 36 मिनट की फिल्म को एक सिनेमाई संवेदी अनुभव के रूप में बनाया गया है जिसमें आभासी वास्तविकता को शामिल किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह राजकुमारी और संगीतकार जूलियट मेर्डिनियन की जीवनी पर है जो अनाथ होने के 20 साल बाद, उन पुरुषों की तलाश करती है जिन्होंने उसके जीवन को बदलकर रख दिया था। रहमान ने कहानी को अपनी पत्नी सायरा के एक मूल विचार से विकसित किया है।




## नई भाषा सीखने पर रोशनी सहोता को होती है खुशी

शक्ति अस्तित्व के एहसास की और पटियाला बेब्स जैसे टीवी शो में नजर आ चुकीं अभिनेत्री रोशनी सहोता हमेशा एक नई भाषा सीखकर खुश हैं। उन्होंने कहा, आज की दुनिया में, भाषा सीखना न केवल फायदेमंद है, बल्कि जीवन में सफलता के लिए आवश्यक है। यात्रा में आसानी और इंटरनेट ने दूर के बाधाओं को दूर कर दिया है, जो कभी समुदायों को अलग रखता था। इसलिए मुझे हमेशा नई भाषा सीखने में खुशी होती है। जैसा कि अभिनेत्री आगामी फिल्म ओ काला से टॉलीवुड में पदार्पण करने के लिए तैयार है, उन्होंने इसके लिए तेलुगू भाषा सीखी है। उन्होंने आगे कहा, मैं वास्तव में खुश हूं कि अब, मैं अब आसानी से तेलुगू समझ सकती हूं और बोल सकती हूं, हालांकि यह मेरी फिल्म के लिए था, लेकिन अब इससे मुझे फायदा हो रहा है। मैं अब जब भी खाली होती हूं तो लोकप्रिय तेलुगु फिल्में देखती हूं और कोशिश करती हूं यहां दर्शकों के प्रदर्शन और पसंद को समझें।



## पिया बाजपेयी ने अपने आयुर्वेदिक 'सात्विक' आहार को लेकर कही यह बातें

बॉलीवुड और दक्षिण एक्ट्रेस अभिनेत्री पिया बाजपेयी अपने करियर में को और गोवा। जैसी कॉलीवुड फिल्मों से लेकर लाल रंग और द वर्जिन जैसी बॉलीवुड फिल्मों तक अपने करियर में ऊपर की ओर बढ़ रही हैं। हमें अपने विशेष आहार के बारे में जानकारी देते हुए कि वह आकार में रहने के लिए अनुसरण कर रही है, मिर्जा जूलियट अभिनेत्री इस बारे में बात करती है कि कैसे आधुनिक पुरुषों और महिलाओं को अस्वास्थ्यकर विकल्पों के साथ बमबारी की जाती है और सही लोगों की तलाश करना मुश्किल हो जाता है।

एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने शुरुआती परीक्षण के रूप में 11 दिन बिना अनाज वाले आहार की कोशिश की और जब यह वास्तव में अच्छा रहा, तो उन्होंने आगे भी जारी रखा। आज हमारे समय की दुखद वास्तविकता यह है कि हमें किसी पेशेवर की जरूरत है जो हमें बताए कि हमें क्या खाना चाहिए और क्या नहीं। हमारे माता-पिता के समय में ऐसा नहीं था और वे एक सरल खुशहाल जीवन जीते थे। कई अस्वास्थ्यकर, खाद्य पदार्थ और वस्तुएं, जो व्यावसायिक कारणों से विपणन की जाती हैं, हमारे लिए सबसे अच्छा विकल्प चुनना मुश्किल है।



फिटनेस एडवाइस पर पिया ने कहा कि, हर किसी का शरीर और संरचना और चयापचय अलग-अलग होता है और इसलिए एक विशेष आहार सभी के लिए काम नहीं कर सकता है।

आपको एक ऐसा खोजना होगा जो आपको सूट करे और उस पर काम करे। मैंने व्यक्तिगत रूप से एक डिटॉक्सिंग 'सात्विक' आहार शुरू किया जिसमें सभी ताजा और जैविक भोजन शामिल हैं। यह शरीर को भीतर से साफ करता है और आपको हल्का और खुश महसूस कराता है। कार्ब्स के बजाय फलों और सब्जियों पर स्विच करने का एक फायदा है कि जब भी आपको भूख लगे तब खा सकते हैं।

## गर्मियों में बचना है लू से तो जरूर अपनाएं ये आसान घरेलू उपाय

गर्मी अकेले नहीं आती, बल्कि अपने साथ-साथ हमें परेशान करने के लिए अन्य कई तरह की समस्याएं भी ले आती है। इन समस्याओं में चिलचिलाती धूप, उमस और गर्म हवाएं शामिल हैं। इन दिनों दोपहर के समय बाहर बहुत तेज गर्म हवाएं चलती हैं, इन गर्म हवाओं को ही लू कहते हैं। मजबूत इम्युनिटी वाले लोग इन गर्म हवाओं को सहन कर लेते हैं लेकिन बहुत से लोग इन हवाओं को सहन नहीं कर पाते हैं और संपर्क में आते ही बीमार पड़ जाते हैं। देश में हर साल काफी बड़ी तादात में लोग लू की चपेट में आ जाते हैं।

**लू लगने के कारण**

गर्मी में बढ़ता पारा हवाओं को लू में बदल देता है। ऐसे में अगर हम धूप में शरीर पूरा ढंके बिना बाहर निकलते हैं, तो लू लगने का पूरी-पूरी संभावना रहती है। इसके अलावा तेज़ धूप में नंगे पैर चलना, घर से बिना कुछ खाए निकलना, कम पानी पीना, एसी वाली जगह से निकलकर तुरंत धूप में चले जाना, धूप से बाहर आकर तुरंत ठंडा पानी पीना और कम पानी पीने वालों को लू जल्दी अपनी चपेट में लेती है।



लू से बचने के असरदार घरेलू उपाय

-प्याज को भून लें और इसे एक साधारण प्याज के साथ मिलाकर पीस लें। इस मिश्रण में जीरा पाउडर और मिश्री मिलाकर खाने से भी लू से आराम मिलता है। इसके अलावा रोजाना खाने में कच्चे प्याज का इस्तेमाल करें।

-ज्यादा देर तक धूप में रहना हो तो छाते का इस्तेमाल करें।

-अधिक मात्रा में पानी पिएं। बाहर जाते समय पानी की बोतल साथ लेकर जाएं।

-घर पर ही आम का पना बनाकर पियें। लू से बचने का यह सबसे असरदार घरेलू उपाय है।

-धनिये और पुदीने दोनों की ही तासीर ठंडी होती है। लू से बचने के लिए गर्मियों में रोजाना धनिये और पुदीने का जूस बनाकर पिएं।

## डायबिटीज से लेकर कैंसर तक, आंखें खोलती हैं इन 6 गंभीर बीमारियों का राज

आंखे आपकी सेहत के बारे में भी बहुत कुछ बताती हैं। आंखों के बदलते रंग से आप आसानी से पता लगा सकते है कि आपको कौनसी बीमारी होने वाली है। आप जितनी जल्दी इनकी पहचान कर लेंगे, उतनी जल्दी किसी बीमारी को गंभीर होने से रोक सकेंगे। तो आइए जानते हैं कि आंखों के जरिए किस तरह सेहत का हाल जाना जा सकता है।



**डायबिटीज**- आंखों से धुंधला दिखाई देना टाइप-2 डायबिटीज के संकेत हो सकते है। बढ़ा हुआ ब्लड शुगर नसों पर दबाव डालता है। इसकी वजह से आंखों के पिछले हिस्से में खून के धब्बे से दिखाई देते हैं। इन खून के धब्बों का मतलब है कि आपका ब्लड शुगर लेवल खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है और आपको इसको तुरंत कम करने के बारे में सोचना चाहिए। अगर ब्लड शुगर के इस स्तर पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो इससे आंखों की रोशनी खोने का डर बना रहता है।

**कैंसर**- ब्रेस्ट कैंसर के भी लक्षण आंखों में नजर आ सकते है। जब कैंसर कोशिकाएं शरीर के अन्य हिस्सों को प्रभावित करने लगती हैं, तो इसका असर आंखों पर पड़ने लगता है। यूविया (आंखों के बीच की परत) ये संकेत देती है कि कैंसर कोशिकाएं आपकी आंखों में भी फैल चुकी हैं। अगर आपको धुंधली नजर, आंखों में दर्द, या फ्लैश जैसी समस्याएं महसूस होती हैं तो ऐसी स्तिथि में आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**हाई कोलेस्ट्रॉल**- खून में बढ़ा कोलेस्ट्रॉल धीरे-धीरे आंखों में जमा होने लगता है। जिसके बाद आपकी आंखों की पुतली के चारों ओर एक सफेद या नीले रंग का रिंग बनने लगता है।

# खेल

सिल्वर के लिए पंच बरसाएंगी हमारी मुक्केबाज

## वर्ल्ड विमेन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में निखत, मनीषा और परवीन की सेमीफाइनल बाउट

इस्तांबुल। भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन, मनीषा और परवीन वर्ल्ड विमेन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में बुधवार को सिल्वर मेडल के लिए अपनी-अपनी प्रतिद्वंद्वियों पर मुक्के बरसाएंगी।




इससे पहले, सोमवार को इन तीनों मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में पहुंचकर देश के तीन मेडल पक्के कर लिए थे। प्रतियोगिता के फाइनल बाउट गुरुवार को होंगे। इस इवेंट में 73 देशों की 310 मुक्केबाज हिस्सा ले रही हैं।

52 किग्रा वेट कैटेगरी के सेमीफाइनल में तेलंगाना की मुक्केबाज निखत जरीन का सामना ब्राजील की कैरोलिन डी अल्मेडा से होगा। अल्मेडा ने 2018 कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर मेडल जीता था। इस इवेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में निखत ने चार्ली सियान टेलर डेविसन पर 5-0 की एकतरफा जीत हासिल की थी।

मनीषा अपने मेडल का रंग बदलने के लिए 57 किग्रा वेट कैटेगरी में इटली की इरमा टेस्टा से दो-दो हाथ करेंगी। बता दें कि क्वार्टर फाइनल में मनीषा ने मंगोलिया की नामुन मोनखोर को 4-1 के अंतर से हराया, जबकि टेस्टा ने उज्बेकिस्तान की सितोरा तुर्दीबेकोवा को 4-1 से मात दी थी।

### आयरलैंड की एमी ब्रॉडहस्ट से दो-दो हाथ करेंगी परवीन

प्रतियोगिता के 63 किग्रा भारवर्ग में परवीन हुडा ने आयरलैंड की एमी ब्रॉडहस्ट से खेलेंगी। उन्होंने ताजिकिस्तान की शोइरा जुल्कानारोवा को 5-0 से हराते हुए टॉप-4 में जगह बनाई थी।

## त्रिपाठी के पास 360 डिग्री शॉट्स, 160 प्लस स्ट्राइक रेट फिर भी नजर में नहीं




**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ 44 बॉल पर शानदार 76 रन बनाकर राहुल त्रिपाठी ने एक बार फिर इंडियन टीम के दरवाजे पर जोरदार दस्तक दी है। इस पारी में उन्होंने 172 की स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 9 चौके और 3 छक्के लगाए। 2017 से लगातार IPL के दौरान ग्राउंड के हर दिशा में शॉट खेल रहे राहुल अपनी टीम के लिए कई बार संकटमोचक की भूमिका निभा चुके हैं।

उनकी इसी काबिलियत के कारण राहुल को मिस्टर परफेक्ट कहा जाता है। राहुल त्रिपाठी के पिटारे में हर तरह के शॉट हैं, लेकिन शानदार प्रदर्शन के बावजूद 31 वर्षीय राहुल को अब तक भारतीय टीम में जगह नहीं मिल सकी है।

### एक नजर

## आईपीएल में धूम मचा रहे 37 साल के रिद्धिमान साहा की बंगाल टीम में हुई वापसी

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2022 में गुजरात टाइटंस के लिए बल्ले से धूम मचा रहे अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा की बंगाल रणजी टीम में वापसी हुई है। बंगाल को छह जून को झारखंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी का चार्टर फाइनल मुकाबला खेलना है। क्रिकेट एसोसिएशन आफ बंगाल ने टीम में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भी शामिल किया है, लेकिन उनकी भागीदारी के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मंजूरी पर निर्भर करेगी। शमी के छोटे भाई मोहम्मद कैफ को भी टीम में जगह दी गई है। नेशनल टीम के लिए चयन से मना किए जाने के बाद 37 साल के साहा ने रणजी ट्रॉफी के लीग चरण में नहीं खेलने का फैसला किया था। वह हालांकि आईपीएल 2022 में गुजरात टाइटंस के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। साहा तीन अर्धशतकों की मदद से अबतक 281 रन बना चुके हैं। बंगाल टीम की कप्तानी अभिमन्यु ईश्वरन के हाथों में है। साहा के अलावा इस टीम में पश्चिम बंगाल के खेल राज्य मंत्री मनोज तिवारी भी शामिल हैं।

## ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस में शिखर धवन-कुलदीप यादव की टॉप-4 में हुई धांसू एंट्री

**नई दिल्ली ।** दिल्ली कैपिटल्स के चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव और पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने सीजन के 64वें मैच के बाद आईपीएल 2022 की ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस में टॉप-4 में धमाकेदार एंट्री कर ली है। इस सीजन का 64वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया, जिसमें दिल्ली ने 17 रन से जीत दर्ज करके टॉप चार में अपनी जगह बना ली। इस मुकाबले में कुलदीप ने 3 ओवर में 14 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए जबकि शिखर ने 19 रन बनाए। शिखर और कुलदीप अब क्रमशः ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस में टॉप-4 में पहुंच गए हैं। शिखर के इस सीजन में 13 मैचों से अब 421 रन हो गए हैं जबकि कुलदीप ने भी इतने ही मैचों में 20 विकेट चटकाए दिए हैं और वो भी चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑरेंज कैप की रेस में राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर का दबदबा बरकरार है। वहीं पर्पल कैप पर भी आरआर के ही लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का कब्जा कायम है। बटलर के बटलर 13 मैचों में 627 रनों के साथ टॉप पर बने हुए हैं।

## प्लेऑफ के बाकी 3 स्थानों के लिए 7 टीमों में जंग जारी, दिल्ली ने तोड़ा बैंगलोर का दिल

**मुंबई ।** दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स को 17 रन से हराकर आईपीएल 2022 पॉइंट टेबल में टॉप-4 में अपनी जगह बना ली है। दिल्ली के शीर्ष चार में पहुंचने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम टॉप-4 से बाहर हो गई है। दिल्ली और बैंगलोर के एकसमान मैच, जीत, हार और अंक है। लेकिन पंजाब के खिलाफ जीत के बाद दिल्ली का नेट रन रेट प्लस 0.255 का हो गया है जबकि बैंगलोर के -0.323 है, इसलिए दिल्ली अब चौथे नंबर पर पहुंच गई है। आईपीएल के 15वें सीजन में अब तक 64 मैच खेले जा चुके हैं।

बेटियों ने तीरंदाजी वर्ल्ड कप में जीता मेडल

## विमेन कंपाउंड टीमें इवेंट में भारत ने जीता ब्रॉन्ज, पुरुष टीम नंबर-1 कोरिया को उसे घर में हराकर फाइनल में पहुंची

**ग्वांगजू।** भारतीय तीरंदाजों ने आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-2 में अपने अभियान का शानदार आगाज किया है। वहां हमारी तीरंदाज बेटियों ने चैंपियनशिप के दूसरे ही दिन बुधवार को ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया है। मेन्स टीम भी नंबर-1 कोरिया को उसके घर में हराकर फाइनल में पहुंच गई है। गोल्ड मेडल मैच में उसका सामना शनिवार को फ्रांस की टीम के साथ होगा। इस प्रतियोगिता में 22 देशों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता 22 मई तक चलेगी।

चैंपियनशिप के विमेन कंपाउंड टीम इवेंट में अवनीत कौर, मुस्कान किरार और प्रिया गुर्जर की तिकड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया। ब्रॉन्ज मेडल के लिए सुबह खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने तुर्की पर एक अंक की रोमांचक जीत दर्ज की। भारत ने 232 अंक अर्जित किए। तो तुर्की को 231 अंक ही मिले। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले ही सेट में एक अंक की बढ़त बना ली थी। उसे 59 अंक मिले थे। जबकि तुर्की के हिस्से 58 अंक ही आए थे। इसमें भारतीय तीरंदाजों ने चार टेन प्वाइंटर लगाए। दूसरे सेट में तुर्की ने एक अंक की बढ़त लेते हुए स्कोर 116-115 कर दिया। तीसरे सेट में भी तुर्की एक अंक (174-173) की बढ़त पर था, लेकिन आखिरी सेट में भारतीय तिकड़ी ने एक अंक की बढ़त के साथ जीत हासिल की।



## दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज जुबेर हमजा पर 9 माह का प्रतिबंध

डोपिंग नियमों का उल्लंघन करने पर ICC ने लगाया बैन

**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज जुबेर हमजा 9 माह के लिए बैन हो गए हैं। उन पर दुनिया में क्रिकेट संचालित करने वाली संस्था इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने प्रतिबंध लगाया है। इस दौरान वे क्रिकेट से जुड़ी किसी गतिविधि में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। 26 साल के इस बल्लेबाज ने 17 जनवरी को सैम्पल दिए थे, जिनमें प्रतिबंधित पदार्थ फुरोसेमाइड के अंश पाए गए। यह वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी (WADA) की प्रतिबंधित पदार्थों की सूची में शामिल हैं। उन्होंने खुद यह बात स्वीकार की है इसलिए उन पर 22 मार्च 2022 से प्रतिबंध लगाया गया है। जो 22 दिसंबर 2022 तक जारी रहेगा। ऐसे में हमजा को 17 जनवरी से 22 मार्च 2022 के बीच बनाए रन गंवाने पड़ेंगे। इस अवधि में हजमा ने दक्षिण अफ्रीका के लिए छह टेस्ट और एक वनडे खेला है। इनमें उन्होंने 31 रन (25 और छह) बनाए। 2019 में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले हमजा ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 6 टेस्ट और एक वनडे खेला है। टेस्ट में उनके नाम 17.67 की औसत से 212 रन हैं।



# जेल अभिरक्षा में मृतक छोटेलाल यादव की घटना की न्यायिक जॉच

### एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर सर्व यादव समाज बिलासपुर के समाजिक बंधुओं ने कलेक्ट्रेट पहुॅचकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर ।** जेल अभिरक्षा में मृतक छोटेलाल यादव की घटना की न्यायिक जॉच, एफआईआर दर्ज करने एवं शासकीय मुआवजा प्रदान करने हेतु सर्व यादव समाज जिला बिलासपुर के समाजिक बंधुओं ने कलेक्ट्रेट पहुॅचकर जिलाधीश महोदय को ज्ञापन सौपकर विभिन्न मांग की है।

इस मौके पर सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु एवं जिलाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने कहा कि ग्राम चिल्हाटी निवासी स्व.छोटेलाल यादव गांव में एक मध्यम परिवार का सामान्य व्यक्ति था, जिसके उपर तीन बच्चों एवं पत्नी के




पालन पोषण करने की जिम्मेदारी थी जिसे वह मजदूरी कर पूरा करता था, जिसे आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी एवं स्टॉफ द्वारा स्व.छोटेलाल यादव के साथ घोर अमानवीय व्यवहार कर उसके साथ क्रुरता पूर्वक व्यवहार एवं झूठे प्रकरण में फंसाया गया, जिससे सर्वयादव समाज बहुत आक्रोशित एवं दु:खी है। जेल अभिरक्षा में स्व.छोटेलाल यादव की संदेहास्पद मृत्यु होना एक गंभीर विषय है जिसका सर्व यादव समाज जिला बिलासपुर न्यायिक जॉच की मांग करती है और दोषी अधिकारी कर्मचारी के उपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही कर मृतक के परिवार को शासकीय मुआवजा की मांग सर्व यादव समाज जिला बिलासपुर करती है।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु, संरक्षक डी.सी. यादव, मनीराम यादव, सुनीता यादव प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, रामचंद यादव जिला अध्यक्ष, किशोर यादव, गिरीश यादव, गीता यादव, किरण यादव, सरिता यादव, संजय यादव, अभिमन्यु यादव, राम यादव, संतोष यादव, जागेश्वर यादव, मनेंद्र यादव, मंजीत यादव, सतीश यादव, अजय यादव, सूरज यादव, हरिशंकर यादव, अनिल यादव, पुखराज यादव, आयुष यादव, मालती यादव, सौरभ यादव, लोमश यादव, ओंकार यादव, किरण संतोष यादव, आयुष यादव, संजय यादव सहित सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## एक नजर

### करंट की चपेट में आने से छात्र की मौत

**बिलासपुर ।** फर्श में पानी डालने के बाद पंखा उठाकर ले जा रहा छात्र करेंट की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने बताया कि महासमुंद जिले के जुगनीपाली में रहने वाले धर्मेंद्र सेठ(25) दयालबंद में रहकर पीएसएसी की तैयारी कर रहे थे। वे रोज रात को अपने कमरे के फर्श में पानी डालकर सोते थे। सोमवार की रात उन्होंने फर्श में पानी डाला। इसके बाद चलते हुए पंखे को उठाकर दूसरी जगह पर लेकर जा रहे थे। इसी दौरान वे करेंट की चपेट में आ गए। उनकी चीख सुनकर बगल के कमरे में रहने वाले छात्र वहां आए। तब तक वे बेहोश हो गए थे। साथियों ने पंखा बंद कर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। तब तक उनकी मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिलासपुर ।** हिर्री क्षेत्र में रहने वाली युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हिर्री क्षेत्र के बोड़सरा में रहने वाली साक्षी कौशिक(18) ने नवमीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। मंगलवार की सुबह वह अपनी मां के साथ घर में थी। सुबह 11 बजे उसकी मां नहाने के लिए चली गई। इसी बीच उसने कमरे के म्यार में दुपट्टे से फांसी का फंदा बनाकर झूल गई। मां जब नहाकर लौटी तो बेटी का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। उन्होंने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद घटना की जानकारी हिर्री थाने में दी गई। सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मामले में स्वजन से पूछताछ की गई है। उन्होंने आत्महत्या के कारण जानने से इन्कार किया है। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। ऐसे में घटना के कारणों का पता चलाने के लिए उसकी सहेलियों व रिश्तेदारों से जानकारी ली जा रही है।

### शराब पीकर स्कूल आने वाला शिक्षक निलंबित

**बिलासपुर ।** शराब पीकर स्कूल आने वाले लमरीडबरी प्राथमिक स्कूल (कोटा विकासखण्ड) के शिक्षक श्री विरेन्द्र करवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.के. कौशिक ने बीईओ कोटा से मिले प्रतिवेदन के आधार पर निलंबन की यह कार्रवाई की है। उल्लेखनीय है कि नगोई में 08 अप्रैल को आयोजित समस्या निवारण शिविर में शिक्षक श्री विरेन्द्र करवार के विरूद्ध ग्रामीणों एवं पालको द्वारा शिकायत की गई थी। उन्होंने प्रमुख रूप से शराब पीकर स्कूल आने और बिना सूचना के लगातार अनुपस्थित रहने का आरोप लगाया था। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा मामले की जांच कराई गई। शिकायत सही पाई गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बीईओ के प्रतिवेदन के आधार पर शिक्षक को नोटिस जारी कर उनका जवाब मांगा लेकिन उन्होंने जवाब देना उचित नहीं समझा। जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक का आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 की धाराओं के विपरीत होने के कारण श्री करवार का निलंबन करते हुए बीईओ कार्यालय कोटा में संलग्न किया। नियमानुसार उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### स्कूटी और बाईक में टक्कर, दो युवती सहित चार घायल

**कोरबा ।** शुक्लाखार के पास स्कूटी व बाइक में टक्कर हो गई। घटना में स्कूटी सवार बहनें व बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

बाकीमोंगरा थाना अंतर्गत हुई इस घटना में बताया जा रहा है कि शुक्लाखार चौक के पास शाम सात बजे स्कूटी में ढेलवाडीह निवासी मनीषा पिता स्वर्गीय दुबराज सिंह व उसकी बहन जा रही थी, तभी विपरित दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे बाइक सवार ग्राम सगुना के भाटापारा निवासी नाम रामकुमार पिता बुंदराम व अजय लड़के ने टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दोनों युवक शराब के नशे में धुत्त थे। घटना में चारों नीचे गिर पड़े और चोट लगी। दिया जिससे दोनों बहन को एवम दोनों युवकों को गम्भीर चोटें आई है। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस स्थल पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक उपचार ढेलवाडीह अस्पताल में कराया गया। तदुपरांत कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले में बाइक सवार के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

### भगवान कृष्ण और सुदामा की तरह होनी चाहिए सच्ची दोस्ती

**कोरबा ।** श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन के अंतिम दिन महामृत्युंजय महादेव मंदिर निगम कालोनी निहारिका में भागवताचार्य डा प्रेमा शुक्ला ने भागवत में भगवान कृष्ण और सुदामा की दोस्ती के बारे में विस्तार से बताया। भागवताचार्य डा प्रेमा ने कहा कि सुदामा बहुत ही गरीब थे वो अपनी पत्नी और पांच बच्चे के साथ रहते थे। भीख मांग कर अपना गुजारा कर रहे थेए वो सिर्फ पांच घर में भिक्षा मांगते थे। सुदामा की पत्नी सुशीला को किसी ने बताया कि भगवान द्वारकाधीश कृष्ण और सुदामा की बहुत अच्छी दोस्ती थीए दोनों एक साथ गुरुकुल में पढ़ाई किए हैं। द्वारकाधीश महाराजा कृष्ण सभी ब्राह्मणों को अधिक से अधिक दान करते हैं।

## दिवंगत पत्रकार के परिवार जनों को 02 लाख की सहायता



**बिलासपुर ।** जनसम्पर्क विभाग द्वारा संचार प्रतिनिधि दुर्घटना सहायता योजना के तहत दिवंगत पत्रकार स्वर्गीय श्री संजय कुमार गुप्ता के परिवार जनों को 2 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदाय की गई है। उप संचालक जनसम्पर्क मुनुदाऊ पटेल ने आज संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय में पत्रकार के परिजन श्रीमती सीमा गुप्ता को 2 लाख रुपये का चेक सौंपा। उन्होंने दिवंगत पत्रकार श्री गुप्ता को श्रद्धांजलि भी दी। इस अवसर पर जनसम्पर्क कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने मैराथन बैठक लेकर की फ्लैगशीप योजनाओं की समीक्षा

### कहा हर गौठान में हो गोबर खरीदी, हर टांके में हो वर्मी खाद का निर्माण

**बिलासपुर।** कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने आज राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना और मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मैराथन बैठक लेकर जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।

कलेक्टर ने कहा कि हर गौठान में गोबर की खरीदी होनी चाहिए और हर टांके में वर्मी खाद का निर्माण होना चाहिए। किसानों एवं पशुपालकों की अतिरिक्त आमदनी का यह बढ़िया जरिया साबित हुआ है। गोधन न्याय योजना को राज्य शासन की फ्लैगशीप योजना बताते हुए कहा कि योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन सतर्कता से करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं





**सोसायटियों में न हो खाद-बीज की कमी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी - कलेक्टर**

**ग्रामीणों और किसानों की समस्याओं का हो तत्काल समाधान**

की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों और किसानों की समस्या का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए।

प्रार्थना भवन में आयोजित बैठक में कलेक्टर डॉ. मित्तर ने गौठानों में वर्तमान में संग्रहित वर्मी कम्पोस्ट के उठाव में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी 300 गौठानों में गोबर खरीदी शुरू करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार गोधन न्याय योजना के नोडल अधिकारियों को गोबर की व्यवस्थित खरीदी करने कहा। बैठक में बताया गया कि अब तक 1 लाख 83 हजार 323 क्विंटल गोबर की खरीदी की गई है। जिसमें से 53 हजार 814 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया गया है। वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन 71 प्रतिशत है।

### चोरी के मामले में पुलिस ने सूचना नहीं होने की बात कही

**कोरबा ।** ढोढ़ीपारा बस्ती में एक परिवार रविवार को रिश्तेदार के शादी में गया था। सोमवार को लौटा तो सूने मकान में चोरी हो चुकी थी। नगदी, जेवर समेत दस्तावेज गायब थे। इसकी सूचना भी पुलिस को सुबह दी गई लेकिन पुलिस दोपहर में पहुंची। दरअसल, सीएसईबी चौकी से 5 सौ मीटर दूर ढोढ़ीपारा बस्ती निवासी वाहन चालक विशाल कुमार सपरिवार रिश्तेदार के यहां शादी में चांपा गए थे।

सोमवार सुबह घर लौटे तो देखा कि दरवाजे का ताला तोड़कर आलमारी से 40 हजार रुपए नकदी, जेवर समेत आधार कार्ड, राशन कार्ड और वाहन के दस्तावेज भी चोर ले गए थे। विशाल ने सुबह ही सीएसईबी चौकी पहुंचकर चोरी की सूचना दी, लेकिन स्टाफ ने चौकी प्रभारी के नहीं होने की बात कहते हुए बाद में आने को कह दिया।

## जिला पंचायत सभापति ललिता कंवर पहुंची लालबहादुर नगर मंडल के शक्ति केंद्र

**छुरिया।** कुशाभाऊ ठाकरे शताब्दी वर्ष की स्मृति में भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर पर कार्य विस्तार का लगातार क्रियान्वयन करते हुए, लाल बहादुर नगर मण्डल के शक्तिकेन्द्र मंडियान के पांचों बुथ अध्यक्ष व पाधिकारियो के बीच पहुँच कर गांव के सम्पूर्ण जानकारी फार्म भरने की शुरुआत की गई, पूर्व में बने बूथ स्तर की भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं की समीक्षा की गई। जिसमें त्रुटि सुधार के साथ समस्त भौगोलिक स्तिथि की जानकारी भरी जा रही है, साइबर क्रियान्वयन हेतु सम्पूर्ण जानकारी दी गई। भारतीय जनता पार्टी की इस बेजोड़ और जनता के बीच की कड़ी बनाने की इस कार्य को पूरी ईमानदारी से करने के लिए शक्तिकेन्द्र प्रभारी कृषि सभापति



ललिता चन्द्रवंशी व सहप्रभारी भाजयुमो लाल बहादुर नगर कोषाध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने केंद्र सरकार की योजनाओं को व्यक्तिगत रूप से भाजपा कार्यकर्ताओं व गणमान्य नागरिकों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। प्रमुख रूप से सभी बूथ मंडियान, मुंगलानी, झिंझारी, कोटनापानी, खुबाटोला के बुध अध्यक्ष, सचिव सहित भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## 12वीं की परीक्षा में 92.40त्न अंक अर्जित कर बस्तर का नाम रोशन करने वाली प्रिया निषाद का भाजपा ने किया सम्मान



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल जगदलपुर द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर कंगोली जगदलपुर की छात्रा कु.प्रिया निषाद का सम्मान घर जाकर किया गया। बता दें कि प्रिया निषाद ने पूरे बस्तर जिले में 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 92.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर बस्तर का नाम पूरे छत्तीसगढ़ में रोशन किया है। भाजपा नगर मंडल द्वारा माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। साथ भाजपाईयों ने प्रिया को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, अनिल लुक्कड़, आशुतोष पाल,आर्यद्र सिंह आर्य, संग्राम सिंह राणा, अभय दीक्षित,रोशन झा, अतुल सिंम्हा , शैलेश श्रीवास्तव,शिरीष मिश्रा, प्रेम यादव, प्रेम सेठिया, सतीश बाजपाई, राज पांडे, बृजेश शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## यादव समाज के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव ने की मुवावजे की मांग



**बिलासपुर ।** दिवंगत छोटेलाल यादव के परिवार को 10लाख रुपए मुवावजे दिलाने शासन प्रशासन से यादव समाज के जिलाध्यक्ष,एवम भाजपा नेता शैलेंद्र यादव ने मांग की, आपको बता दे की दो दिन पूर्व मोपका चिल्हाटी निवासी छोटे लाल यादव की जेल में संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी, इसी को लेकर यादव समाज लामबध होकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कराने एवम उचित जांच करने के लिए शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर उनके परिवार को उचित न्याय दिलाने की मांग की, दिवंगत छोटेलाल यादव,के परिवार में मुखिया वही थे उनके चले जाने के बाद बच्चो के सिर से पिता का साया उठ गया। उनके चले जाने के बाद पूरा परिवार में शोक की लहर एवम दुख व्याप्त है।

## खरीफ फसल की तैयारी को ध्यान में रखते हुए किसानों से कराएं खाद-बीज का उठाव: कलेक्टर सुश्री चौधरी

### शहरी क्षेत्रों में सड़को पर नही लगाएं दुकान इसके लिए नियमित रूप से करें निरीक्षण

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने खरीफ फसल की तैयारी को ध्यान में रखते हुए किसानों से खाद-बीज का उठाव कराने तथा आय बढ़ाने के लिए धान के अलावा मक्का का रकबा बढ़ाने के साथ ही अरहर, उड़द, मूंग की खेती और उद्यानिकी फसल लेने के लिए किसानों को प्रेरित करने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मुख्य सचिव के निर्देशानुसार पंचायतों के निरीक्षण के नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों को स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों का सतत निरीक्षण कर पेयजल और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होने प्रशासन आपके द्वार जनसंवाद शिविर में प्राप्त आवेदनों में से पेंड्रा जनपद पंचायत के लंबित आवेदनों का निराकरण 31 मई तक और गौरेला तथा मरवाही जनपद पंचायत के लंबित आवेदनों का निराकरण 15 जून तक अनिवार्य रूप से करने संबंधित जिला अधिकारियों निर्देश दिए।

कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में मुख्यमंत्री जन शिकायत, पीजी पोर्टल एवं कलेक्टर जन चौपाल में प्राप्त

**कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक**

जनसमस्याओं एवं मांगों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने समय सीमा में निराकृत होने वाले विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा की और संबंधित विभागों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।





बैठक में कलेक्टर सुश्री चौधरी और पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल ने शहरी क्षेत्रों में बाधारहित यातायात पर विशेष जोर दिए। उन्होने सड़को पर व्यापारियों द्वारा दुकान नहीं लगाने तथा व्यवस्थित पार्किंग के लिए जिला परिवहन अधिकारी और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को संयुक्त और नियमित रूप से निरीक्षण करने तथा अतिक्रमण की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई करने कहा।

कलेक्टर ने गौठानों में आजिविका गतिविधियां संचालित कहा। उन्होने वृक्षा रोपण, बाड़ी विकास, मछली पालन, उद्यानिकी फसल लगाने के साथ ही अमृत सरोवर, लोक वन एवं खेल मैदानों के लिए प्रस्ताव तैयार करने कहा। उन्होने प्रगतिरत गौठानों को शीघ्र पूर्ण करने तथा अप्रारंम्भ गौठानों को शीघ्र प्रारंभ करने के भी निर्देश दिए। बैठक में वनमंडलाधिकारी श्री दिनेश पटेल, अपर कलेक्टर श्री बीसी एक्का, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर के खूंटे, संयुक्त कलेक्टर श्री वीरेंद्र सिंह एवं श्री आनंदरूप तिवारी सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# मोबाईल वेन के माध्यम से अब तक 111 मरीजों को घर पहुंच फिजियोथेरेपी सुविधा दी गई

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभागए द्वारा प्रथम चरण में जिले के मनोरा विकासखंड के सुदुर व दुर्गम ग्रामीण अंचल में दीर्घायु चलित वाहन फि जियोथेरेपी मोबाईल वेन द्वारा सप्ताह में दो दिवस चिन्हांकित एवं ग्राम में उपस्थित अन्य मरीजों को फि जियोथेरेपी सुविधा प्रदान की जा रही है। जिसके तहत् 18 अप्रैल से अब तक फि जियोथेरेपी मोबाईल वेन द्वारा कुल 111 मरीजों को जो स्वास्थ्य केंद्रों तक आ पाने में असमर्थ है फि जियोथेरेपी घर पहुँच सुविधा प्रदान की जा रही है। इनमे से ग्राम सुरजुला, शैला, चिरोटोली एवं अजधा के पांच मरीज ऐसे है जो विगत् दो से तीन वर्षों से लकवा पक्षाघात के कारण चलने फिरने व अपने दैनिक कार्य करने में पुरी तरह असमर्थ थें। किंतु फि जियोथेरेपी दल द्वारा उपचार उपरांत आज अपने कार्य को करने के साथ साथ चलने फिरने में भी सक्षम हो चुके है। इन पाँच मरीजों में से एक मरीज सुखदेव राम उम्र 63 वर्ष द्वारा बताया गया की वे विगत् तीन वर्षों से दायें भाग में लकवा के कारण पुर्ण रूप से खड़े हो पाने में अक्षम थे व व्हीलचेयर के साहरे ही चलते रहे थे। फिजियोथेरेपी पश्चात स्वयं स्टिक के सहारे चलने लगे है। फि जियोथेरेपी वाहन में फि जियोथेरेपिस्ट अनुग्रह किस्पोट्टा एवं मीना तिग्गा तथा रिकी भगत, संजय राम द्वारा फिजियोथेरेपी घर पहुँच सुविधा प्रदान की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रंजीत टोप्पो ने दीर्घायु चलित वाहन योजना के संबंध में बताया की जशपुर जिले के दूरस्थ ग्रामों में आज भी बहुत से ऐसे मरीज है जिन्हे फिजियोथेरेपी की आवश्यकता है किंतु वे किन्ही कारणवश ईजाल हेतु स्वास्थ्य केंद्र तक नहीं पहुच पा रहें जिसके कारण उनकी समस्या समय के साथ और भी गंभीर हो रही है। ऐसे में फिजियोथेरेपी घर पहुच सेवा से उन्हें अत्याधिक लाभ हो रहा है एवं जन सामान्य फिजियोथेरेपी के प्रति जागरूक भी हो रहे है।



डॉ आरएन केरकेट्टा, जिला नोडल अधिकारी, एनसीडी द्वारा उक्त संबंध में बताया गया फिजियोथेरेपी में कई प्रकार की सुविधा मरीजों के बीमारी को ध्यान में रखकर प्रदाय की जाती है। जैसे पक्षाघात के मरीजों को मसल्स स्टुमलेटर, स्ट्रेथनिंग एक्सरसाइज, स्फिट टु स्टैंड, वाकिंग, पेलविस ब्रिजिंग, आर्थराइटिस के मरीजों को हाइड्रोथेरेपी, अल्ट्रासाउंड, नी-बाईडिंग सुपाइन पोजिशन व सिटिंग पोजिशन एसएलआर एवं वेटबेरिंग एक्सरसाईज, बेक पेन, सर्वाइकल पेन के मरीजों को आईएफ टी थेरेपी, टेन्स आईसामेट्रीक एक्सरसाईज, बैक स्ट्रैथिनिंग एक्सरसाइज आदि थेरेपी दी जाती है। नोडल अधिकारी ने बताया की फिजियोथेरेपी से बहुत हद तक मशीनों अथवा निर्धारित एक्सरसाइज के माध्यम से कार्यशील बनाया जा सकता है।




## जय हो वालंटियर टीम के द्वारा लोगों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम किया जा रहा जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में जिले में जय हो वालंटियर के द्वारा निरंतर समाज के हित में विभिन्न कार्य कर लोगों को जागरूक करने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। महिलाओं को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को लेकर कितने जागरूक है इस संबंध में भी जानकारी दी जा रही है।

इसी प्रकार विगत दिवस जय हो के वालंटियर ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और समाज तथा ग्रामीणों को जागरूक किया। जिसमें जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होकर ग्रामीणों की सहायता करनाए हाट बाज़ार क्लिनिक में अपनी सहभागिता देनाए घर.घर जा कर पेंशन योजना तथा राशन कार्ड की जानकारी देनाए स्कूल के बच्चो को जागरूक कर जय हो में शामिल होने को प्रेरित करनाए नियमित टीकाकरण को लेकर जानकारी देनाए महिला स्व सहायता समूह के साथ मिलकर माहवारी स्वछता पर जागरूकता लाने का प्रयास किया गया।




## कलेक्टर की अध्यक्षता में नगरीय क्षेत्र के बाकी नदी की संरक्षण एवं साफ सफाई के संबंध में हुई बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत के सभागार में जशपुर नगरीय क्षेत्र के बाकी नदी की संरक्षण एवं साफसफई के विषय पर चर्चा हेतु बैठक आयोजित हुई। उन्होंने नदी की साफसफ ाई हेतु जशपुर वासियों से श्रमदान कर सहयोग की अपील की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री केणएसण्मंडावीए ईई जल संसाधन विभाग श्री विजय जामनिकए सीएमओ जशपुर सुश्री ज्योत्सना टोप्पो सहित जशपुर के गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण, समाजसेवी गण उपस्थित थे। कलेक्टर ने विभिन्न चरणों में नदी के संरक्षण पर कार्य हेतु स्थान का चिन्हांकन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बांकी नदी पुल से लेकर संजय निकुंज तक श्रमदान से कचरे की साफ सफ ाई, गाद निकासी, समतलीकरण के कार्य किया जाना है। उक्त कार्य में आमजन एवं ठेकेदार की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने नदी किनारे की जमीन का सीमांकन कार्य व नक्शा दुरुस्ती के कार्य करने के लिए कहा। इस हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने एवं विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।





## उच्च शिक्षा मंत्री से स्नातकोत्तर स्तर के अतिथि व्याख्याताओं की कार्यकाल 31 जुलाई तक बढ़ाने की मांग

**शिवरीनारायण।** छ.ग. अतिथिव्याख्याता महासंघ ने स्नातकोत्तर स्तर के अतिथि व्याख्याताओं की सेवा अवधि 31 जुलाई तक बढ़ाये जाने की मांग उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल से किया है ।

गौरतलब है कि प्रदेश के सभी विश्वविघालयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं की पढ़ाई सेमेस्टर पध्दति से संचालित हो रही है स्नातकोत्तर कक्षाओं को कुल चार सेमेस्टर में विभाजीत किया गया है और प्रत्येक सेमेस्टर की परीक्षा हर छै; माह में होती है प्रदेश के प्राय़ सभी महाविघालयों में प्रोफेसर के पद रिक्त है और इन

रिक्त पदों के विरूध्द शासन सभी महाविघालयों में अतिथि व्याख्याताओं की मियुक्ति कर अध्यापन कार्य करा रहे हैं । शिक्षण सत्र 2021-22 के लिए जिन अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति स्नातकोत्तर कक्षाओं को पढ़ाने के लिए हुआ था उन सभी अतिथि व्याख्याताओं की सेवा 30 अप्रेल को शासन व्दारा समाप्त कर दिया गया है जिससे स्नातकोत्तर कक्षाओं की पढ़ाई ठप हो गयी है और अतिथि व्याख्याताओं के समक्ष रोजीरोटी की समस्या उत्पन्न हो गयी है इन परिस्थितियों को देखते हुए छ.ग. अतिथि व्याख्याता महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष आशीषधर दीवान ने छ.ग. प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल को ज्ञापन देकर स्नातकोत्तर स्तर के अतिथि व्याख्याताओं की कार्यकाल 31 जुलाई तक बढ़ाने की मांग की है । दीवान ने बताया की प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा फरवरी 2022 में संपन्न हुआ है और उसके बाद मार्च माह से व्दितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की पढ़ाई प्रारंभ हुई है।




## भारत के भावी कर्णधार हो रहे तैयार

(आश्रम व सत्संग भवन में चल रहा सात दिवशीय विद्यार्थी अनुष्ठान शिविर)

**राजनांदगांव।** बाल संस्कार विभाग, श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के तत्वाधान में विद्यार्थियों के सर्वांगीण व आत्मिक विकास हेतु सात दिवशीय 15 से 21 मई तक अनुष्ठान शिविर का आयोजन किया जा रहा है । अनुष्ठान शिविर का शुभारंभ नगर की महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख के द्वारा गया । शिविर के शुभारंभ पर विद्यार्थियों की भीड़ देखकर महापौर जी काफी गदगद हो गयी व उन्होंने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों के लिए ऐसे शिविर का आयोजन अति आवश्यक हो गया है युवा पीढ़ी हमारी वैदिक संस्कृति को भूलती जा रही है जिससे निरासा, असंतोष, चिड़चिड़ापन इत्यादि बढ़ रहे है ऐसे ने यह शिविर विद्यार्थियों को नई दिशा मिलेगी और निश्चित ही विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल होगा ।

बाल संस्कार विभाग के प्रभारी संजय साहू ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकास पर बच्चों के उज्जवल भविष्य निर्माण हेतू यह शिविर लगायी गयी है। जिसमे योग-प्राणायम, जप, यज्ञ, बुद्धिशक्ति बढ़ाने के प्रयोग, खेल-कूद, वक्तव्य स्पर्धा, भजन प्रतियोगिता इत्यादि ज्ञानवर्धक बाते बताई व सिखाई जा रही है ।



## एक नजर

### पत्थलगांव विकासखण्ड के 8 गौठानों में मल्टीएक्टिीविटी के तहत् कुक्कुट एवं बकरी इकाई का किया गया वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पत्थलगांव विकासखंड के 8 गौठानों में मल्टीएक्टिीविटी के तहत् कुक्कुट एवं बकरी इकाई का वितरण किया गया। उप संचालक विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गौसेवा आयोग के सदस्य चन्द्रशेखर त्रिपाठी व जनपद अध्यक्ष पत्थलगांव के द्वारा पत्थलगांव विकासखंड के गौठान सुरेशपुर, किलकिला, पालीडीह, रघुनाथपुर, तिरसॉठ, कंटगजोर, काडरो तथा सुरंगपानी में मल्टी एक्टिविटी कार्य 8 इकाई बकरी तथा 8 गौठान मधुवन, सुरंगपानी कर्राबेवरा, काडरो, कटंगजोर, रघुनाथपुर, बागबहार तथा कोकियाखार में 40 इकाई कुक्कुट का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि समूहों को बकरी एवं मुर्गी इकाई के रख.रखाव हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

### निर्माण श्रमिक ई-रिक्शा सहायता योजना हेतु आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित योजना निर्माण श्रमिक ई.रिक्शा सहायता योजना के तहत् पंजीकृत निर्माण श्रमिक को देय अनुदान राशि 50 हजार प्रदान किया जाता था। वर्तमान में उक्त राशि में वृद्धि करते हुए राशि 1 लाख रुपए कर दिया गया है। आवेदन बैंक से ऋण स्वीकृति के 90 दिवस के भीतर प्रस्तुत करना होगा।

श्रम पदाधिकारी आजाद सिंह पात्रे ने बताया कि योजना आवेदन हेतु पंजीकृत निर्माण श्रमिक आवश्यक दस्तावेज हितग्राही के जीवित श्रमिक पंजीयन कार्ड की मूल प्रतिए बैंक लोन प्राप्त करने संबंधी दस्तावेज की मूल प्रतिए आधार कार्ड की मूल प्रतिए ड्राइविंग लाइसेंस की मूल प्रतिए बैंक पासबुक की मूल प्रति के साथ ऑनलाईन लोक सेवा केन्द्रए व्हीएलईए सीएससीए श्रम विभाग में आवेदन कर सकते है। योजना की अधिक जानकारी के लिए अभिषेक कुमार यादव मोबाईल नं0 911122448 से सम्पर्क कर सकते है

### कमिश्नर डॉ.अलंग अवकाश पर, के.एल.चौहान होंगे प्रभारी कमिश्नर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कमिश्नर डॉ.संजय अलंग पांच दिन के अवकाश पर गये हैं। तब तक के लिए कार्यालय के अपर आयुक्त श्री के.एल.चौहान प्रभारी कमिश्नर के रूप में शासकीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

### अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऋण हेतु 3 जून तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राष्ट्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम की योजना में पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों हेतु जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वरोजगार हेतु ऋण के लिए 3 जून 2022 शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक आवेदक कलेक्टर जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 94 में आवेदन प्राप्त कर जमा कर सकते है। आवेदन की फोटोकापी, आवेदन में कांट-छांट, ओवर राईटिंग इत्यादि स्वीकार नहीं किए जायेंगे। इस योजना के लिए आवेदक संबंधित जाति वर्ग का हो एवं जिले का मूल निवासी हो। आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम एवं 50 वर्ग से अधिक न हो। आवेदक की आय 3 लाख से अधिक न हो, जाति, निवास एवं आय प्रमाण-पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी हो तथा पूर्व में ऋण अनुदान नहीं लिया है का शपथ पत्र देना होगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए प्रभारी कार्यपालन अधिकारी, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

## कोण्डागांव में मलेरिया के प्रति जागरूकता लाने मलेरिया रथ को दिखाई गयी हरी झण्डी

मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ के छठवें चरण का किया गया शुभारंभ जिले में 17 मई से 16 जून तक मलेरिया मुक्ति हेतु चलेगा अभियान

**कोण्डागांव।** बुधवार को कोण्डागांव में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के छठवें चरण का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 टीआर कुंवर द्वारा किया गया। इस उपलक्ष्य में जिला अस्पताल कोण्डागांव से गांव-गांव तक पहुंच मलेरिया के प्रति जागरूकता लाने के लिए मलेरिया रथ को भी जिला मलेरिया अधिकारी डॉ0 अमृत रोहलेडर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सोनल ध्रुव, मलेरिया सलाहकार इमरान खान, जिला डाटा प्रबंधक राहुल लिल्हारे एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

ज्ञात हो कि राज्य शासन के निर्देशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसका छठवां चरण 17 मई से 16 जून 2022 तक चलाया जायेगा। इस अभियान के साथ ही सघन, टीबी, मोतियाबिंद एवं स्केबिज का जांच एवं उपचार भी किया जायेगा। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में बनाया गया है। मलेरिया मुक्त अभियान हेतु सुक्ष्म कार्ययोजना विकासखण्ड स्तर पर तैयार की गई है। इस अभियान हेतु मच्छररोधी कीटनाशक दवा घोल का छिड़काव, सर्वे दल निर्माण एवं सर्वेक्षण, मलेरियारोधी दवा एवं सामग्री आरडी कीट आदि सभी आवश्यक उपकरण विकासखण्ड स्तर पर उपलब्ध कराये गये हैं।



## 14545 में कॉल करने पर आपके घर पहुंचेंगे मितान

जन्म, मृत्यु, विवाह एवं स्थायी निवास प्रमाण-पत्र जैसे सेवाओं का ले सकते है घर बैठे लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

14545 पर कॉल कर अब रायगढ़ नगर निगम वासी 13 प्रकार की विभिन्न सेवाओं का मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत घर बैठे लाभ ले सकते हैं। जिसमें प्रारंभ में इस योजना अन्तर्गत जन्म प्रमाण पत्र, विवाह, निवास, आय, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य सेवाओं की घर पहुंच सुविधा शामिल है।

इस योजना के माध्यम से सभी नागरिकों खासकर बुजुर्गों, दिव्यांगों और विभिन्न प्रकार की सेवा उपलब्ध होगी।

मुख्यमंत्री मितान योजना से जनसामान्य को अन्य कार्यो को छोड़कर दस्तावेज बनाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर से मुक्ति मिलेगी। इस योजना के अन्तर्गत सेवाओं के लिए मितान टोल फ्री नंबर 14545 एक कॉल करने पर मितान घर पहुंच रहे है। सेवाएं प्राप्त करने वाले व्यक्ति की जरूरी दस्तावेजों का स्कैन कर एवं दस्तावेज बनाने उपरांत मितान द्वारा उसे घर पहुंचाया जा रहा है। मितान योजना की सारी प्रक्रिया डिजीटल होगी।




### ये प्रमाण पत्र घर बैठे मिलेंगे

मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत लोगों को मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, दस्तावेज की नकल, गैर-डिजिटाइज्ड (भूमि रिकॉर्ड आदि की प्रति) मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, दुकान और स्थापना पंजीकरण, जन्म प्रमाण पत्र सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह प्रमाण-पत्र सुधार आदि नागरिक सेवाएं घर बैठे मिलेंगी।

### इस टोल फ्री नंबर पर करना होगा फोन

मुख्यमंत्री मितान योजना के जरिए शासकीय सेवाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों को मितान टोल फ्री नम्बर 14545 पर कॉल करना होगा। फोन कॉल के बाद मितान उनके घर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज लेंगे और संबंधित कार्यालय से प्रमाण पत्र बनवाकर उनके घर पहुंचाएंगे, कॉल सेंटर पर नागरिकों को शासकीय सेवाओं से संबंधित प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी प्राप्त होगी। नागरिकों को निर्धारित समय में शासकीय सेवाएं मिलेंगी, उनके समय की बचत होगी और उन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

# गौशाला में नियमित साफ-सफाई के साथ गौवंश का रखें विशेष ख्याल-अध्यक्ष डॉ.महन्त रामसुन्दर दास

## राज्य गौसेवा आयोग के अध्यक्ष ने की श्री चक्रधर गौशाला ट्रस्ट का निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





राज्य गौसेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ.महन्त रामसुन्दर दास ने आज श्री चक्रधर गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में पशुओं से संबंधित पानी, चारा एवं चिकित्सा जैसे सभी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। महंत ने कहा कि गौवंश का विशेष ख्याल रखें, उन्हे किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान उन्होंने पशुओं के रहवास का निरीक्षण करते हुए गौशाला की साफ-सफाई का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पशुओं को दी जाने वाले चारा व्यवस्था एवं उपलब्धता को देखा। ट्रस्ट द्वारा बताया गया कि रबी फसल का चारा एकत्रित किया जा रहा है। डॉ.महन्त ने गर्मी के मद्देनजर गौशाला में पशुओं के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सड़क हादसे के उपरांत गौशाला में लाए गाय को देखा और उसके उपचार के संबंध में जानकारी ली। ट्रस्ट के पदाधिकारी ने बताया कि पशु चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है। इसके साथ ही पशुओं के लिए पशु चिकित्सकों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण व उपचार किया जाता है। डॉ.महन्त ने गौशाला की सफाई एवं गोबर के उठाव नियमित करने के निर्देश दिए। जिससे पशुओं के विचरण एवं बैठक व्यवस्था में सुविधा हो। डॉ.महन्त ने कहा कि खासकर बारिश में ऐसे दिक्कते अधिक होती है तो इसका विशेष ख्याल रखे। उन्होंने दुधारू गायों के साथ बछड़ों के कक्ष का निरीक्षण किया तथा पशुओं के विचरण की स्थिति और पशुओं की संख्या की जानकारी ली। ट्रस्ट के पदाधिकारी ने बताया कि यहां चार सौ से अधिक पशुओं को रखा गया है। इसके साथ ही दुर्घटनाग्रस्त पशुओं को भी रखा जाता है।

इस दौरान गौसेवा आयोग सदस्य पुरूषोतम साहू, राकेश पटेल, जय प्रकाश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, बृजमोहन सांवड़िया, अमरनाथ गुप्ता, शेख ताजीम, दीपक आचार्य, विजय शर्मा, विजय त्रिवेदी, पशु चिकित्सक डॉ.डी.एन.चौधरी एवं डॉ.एस.के.सिंह उपस्थित रहे।

# अमलीडीह शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 262 भालूमार के विस्तारक बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।



स्व कुशाभाऊ ठाकरे जनशताब्दी वर्ष में प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर कार्य विस्तार योजना की तहत धर्मजयगढ़ विधानसभा के घरघोड़ा मंडल के अमलीडीह शक्तिकेंद्र के बूथ क्रमांक 262 भालुमार बूथ में आज जनसंपर्क किया वही ग्राम के वरिष्ठ नेता बालमुकुंद पंडा के निवास पर बैठकर बूथ समिति के कार्यकर्ताओं से संपर्क किया, वही सायबर विस्तारक बच्चन राठिया के साथ बैठकर सर्वप्रथम बूथ के वाट्सअप ग्रुप का निर्माण किया एवं आगामी कार्य योजनाओं की जानकारी दी एवं बूथ समिति को पार्टी द्वारा चाही गई जानकारी के बारे में बताया और ग्राम की पूरी जानकारी कल तक देने का निर्देश दिया। आज की इस कामकाजी बैठक में विस्तारक पवन शर्मा, सौरभ चौधरी, सह विस्तारक राजीव पंडा, सायबर विस्तारक बच्चन राठिया, वरिष्ठ नेता बालमुकुंद पंडा, श्याम लाल राठिया मौजूद रहे।

# नवपदस्थ एसडीएम ने की पत्रकारों के साथ बैठक



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ ने पत्रकारों के साथ बैठक की। नवपदस्थ एसडीएम सीमा पात्रे का सभी पत्रकारों ने स्वागत किया। वहीं एसडीएम ने भी सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। बता दें कि नवपदस्थ एसडीएम सीमा पात्रे बिलासपुर की निवासी हैं। जो पहले रेलवे में कार्यरत थी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परीक्षा पास कर 2019 में रायगढ़ आये जहां तहसीलदार के प्रभार में रही। जिसके बाद एसडीएम लैलूंगा के पद पर प्रथम पोस्टिंग हुई। नौ महीने लैलूंगा में कार्य करने के बाद धरमजयगढ़ एसडीएम के पद पर स्थानांतरण हुआ है।

एसडीएम ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मीडिया को देश का चौथा स्तंभ माना गया है। मीडिया समाज का आईना होता है। क्षेत्र की विकास एवं समस्याओं को सामने लाने में आप सभी की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। शासन, प्रशासन, न्यायपालिका, व्यवस्थापिका, मीडिया सभी के सहयोग से क्षेत्र का विकास संभव है। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो अवगत कराएं। पत्रकारों ने भी एसडीएम के साथ अनेक विषयों पर चर्चा की। जिसमें शहर के मुख्य सड़कों में तेज रफ्तार दौड़ती कोयला लदी ओवरलोड गाड़ियों के लिए बाईपास सड़क की बात रखी। नए बन रहे सड़कों में पानी का छिड़काव हो जिससे धूल की समस्या से छुटकारा मिल सके। पत्रकारों ने जनहित के अन्य मुद्दों से एसडीएम को अवगत कराया। वहीं एक दूसरे से मिलकर काम करने की बात कही।

# पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं महिलाओं,बच्चों संबंधी अपराधों की समीक्षा बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह एवं अति पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अति. पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के निर्देशन पर 18 मई2022 दिन बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में नोडल अधिकारी महिला एवं बच्चों के विरूद्ध घटित अपराध पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला तेजराम पटेल के द्वारा समस्त थाना चौकी प्रभारियो की एवं विवेचको की पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं महिला बच्चों संबंधी अपराधों की समीक्षा मीटिंग लिया गया। जिसमें यौन उत्पीड़न/अन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं उत्तरजीवियों के लिए क्षतिपूर्ति योजना के अंतर्गत आने वाले अपराधों धारा 326 क, 354 क से 354घ, 376क, से 376ड, 304ख, 498क,इस योजना अंतर्गत शारीरिक क्षति के मामले में शामिल है, के कारित होने पर राज्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रकरण प्रस्तुत कर पीड़िता को न्याय और पीड़ित को पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना का लाभ मिल सके। तथा थानावार महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों की जानकारी लेकर महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों को एक अभियान चलाकर यथाशीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में समस्त थाना/चौकी प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस पूजा कुमार, निरीक्षक अंबर सिंह भारद्धाज अंजोर लाल चतुर्वेदी, उप निरीक्षक बी.आर ठाकुर, अंजोर सिंह साहू, राकेश साहू, टी.आर कोसिमा, नासिर खान, रंजित प्रताप सिंह, घनश्याम चिन्डा, माहिला सेल प्रभारी नीता राजपूत, सउनि मोहन साहू, ताण्डेकर, डी.एल सोना, सुभाष सिंह,भानू प्रताप पटेल, संतोष ध्रुर्वे एवं एसपी रीडर विनोद शर्मा, आरक्षक मिथलेस साहू सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद खटकर भाजपा में शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।



सारगढ़ क्षेत्र के बहुजन समाज पार्टी के बड़े चेहरे एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद खटकर आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में सारंगढ़ की पूर्व विधायक केरा बाई मनहर एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय एवं भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के समक्ष अपने सैकड़ों साथियों के साथ भाजपा प्रवेश किया, खटकर इससे पूर्व बहुजन समाज पार्टी से विधानसभा प्रत्याशी भी रहे हैं, इनके भाजपा के साथ आने से सारंगढ़ क्षेत्र में भाजपा की पकड़ मजबूत बनेगी। सारंगढ़ क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने इनके भाजपा प्रवेश का स्वागत किया है।

## एक नजर

### विप्र फाउंडेशन प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा का राजनांदगांव दौरा

जोरदार हुआ स्वागत , योजनाओं पर हुई चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-राजनांदगांव।




विप्र फाउंडेशन प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद रामचंद्र शर्मा का राजनांदगांव में प्रथम आगमन हुआ। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कचरू शर्मा जी से आशीर्वाद प्राप्त किए और जिलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा की अगुवाई में विप्र समाज के सदस्यों ने स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन में कचरू शर्मा जी ने विप्र फाउंडेशन की उपलब्धि को बताया। साथ ही समाज के अध्यक्ष मातादीन शर्मा जी , पूर्व अध्यक्ष रमेश पटाक जी आदि ने भी संबोधित किया । मुख्य अतिथि के रूप में विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष ने आज के समय के अनुसार विप्र समाज को चलने की सलाह दी और एक दूसरे का साथ देने , व्यापार व्यवसाय में जुड़ने की जरूरत को बताया। कार्यक्रम मे सभी ने भविष्य की योजनाओं पर विमर्श किया।

### सभी जनपद सीईओ को ग्राम पंचायतों में नियमित ग्राम सभा करने के निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केएस मंडावी ने सभी जनपद सीईओ को ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की नियमित बैठक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने जिले के समस्त जनपदों में अनेकों ग्राम पंचायतों में सघन दौरा करते हुए जन चौपाल में आम ग्रामीणों के साथ बैठकर लोगों की समस्याओं, शिकायतों की जानकारी ले रहे हैं और समस्याओं को गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं साथ ही जनदर्शन, जनसमस्या समाधान शिविरों व अन्य चौपालों के माध्यम से भी आमजन ने विभिन्न आवेदन पत्र प्रस्तुत किए हैं।

कलेक्टर ने समय. सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए निवारण करने के लिए कहा है। जिला पंचायत सीईओ ने सभी जनपद सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा है कि वर्तमान ग्राम पंचायतों के गठन से अब तक आयोजित बैठकों की तिथिवार जानकारी संकलित कर देखें कि किन-किन ग्राम पंचायतों द्वारा बैठक आयोजन में लापरवाही की गई है। ऐसे सचिवों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रतिमाह विधिवत ग्राम पंचायतों एवं गठित समस्त स्थायी समितियों की बैठकों का नियमित रूप से आयोजन किया जाए। जिन ग्राम पंचायतों में इसका पालन ना हो उसके ग्राम पंचायत सचिव को यथासमय कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर स्पष्टीकरण लिया जाए एवं यथा आवश्यकता कार्यवाही भी प्रस्तावित की जाए। इसके बाद किसी ग्राम पंचायत से विषयांकित शिकायत आने पर इसे आपकी उदासीनता एवं लापरवाही माना जाकर जवाबदेही तय की जाएगी।

### प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख रुपए की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत् 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें पानी में डूबने से कुनकुरी तहसील के ग्राम लोटापानी निवासी हिरमनी पति सदरस राम की मृत्यु 19 सितम्बर 2021 को हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका कके पति सदरस राम हेतु 4 लाख तथा दुलदुला तहसील के ग्राम हल्दीमुण्डा निवासी कुंवर लकड़ा पिता श्री लोया लकड़ा की मृत्यु 21 अगस्त 2021 को हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी मेटिलडा लकड़ा हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# धरमजयगढ़ भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवपदस्थ एसडीएम से की सौजन्य भेंट

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

सप्ताह भर पहले धरमजयगढ़ में नए एसडीएम ने पदभार ग्रहण किया है। जिनसे भारतीय जनता पार्टी धरमजयगढ़ के प्रतिनिधि मंडल ने आज सौजन्य भेंट की।



आईएएस संबित मिश्रा के स्थानांतरण के बाद सीमा पात्रे ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ का पदभार ग्रहण किया है। भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने कार्यालय में भेंटकर पुष्प गुच्छ से एसडीएम का स्वागत किया। वहीं एसडीएम ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाजार के पास बने दुकानों का आबंटन कराने के लिए एसडीएम से चर्चा किया। वहीं क्षेत्र की विकास एवं समस्या के बारे में भी चर्चा की गई। इस अवसर पर टीकाराम पटेल, महेश चैनानी, टारजन भारती, गोविंद महंत, भरतलाल साहू, विजय अग्रवाल, शिवहरि सारथी, भावना सावरकर, शिवहरि जिंदल, मोहनी महस्के, नन्दलाल प्रजापति, श्रवण राठिया, नरेश राठिया, नारायण ध्रुव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चेंबर ऑफ कामर्स रायगढ़ इकाई ने लैलूंगा में आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र किया वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स अब अपना विस्तार लगातार कर रहा है। इसके तहत छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स प्रत्येक जिले के तहसील स्तर पर जाकर वहां के सदस्यों को आजीवान सदस्यता प्रमाण पत्र वितरण कर रहे हैं। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ चेंबर आफ कामर्स की नई टीम व्यापारियों की हक की लड़ाई लड़ रही है। चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में नई टीम काम कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के निर्देश पर चेंबर ऑफ कामर्स रायगढ़ इकाई की टीम ने मोर्चा संभाल लिया है। विदित हो कि रायगढ़ इकाई ने जिला के लैलूंगा ब्लाक में जाकर वहा के व्यापारियों से मुलाकात की है जिसमें उन्होनें आठ माह के अंदर किए गए कार्यों की रूप रेखा बताई। इस दौरान चेंबर ऑफ कामर्स के जिला अध्यक्ष गोपी सिंह ठाकुर ने व्यापारियो से खुले दिल से चर्चा करते हुए जिले में जल्द बनने जा रहा होल सेल कारीडोर की जानकारी प्रदान की है। तो वहीं चेंबर ऑफ कामर्स महामंत्री मनीष उदासी ने व्यापारियों से चर्चा करते हुए कहा चेंबर ऑफ कामर्स की टीम लगातार व्यापारियों के हित में काम कर रही है। कहा प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर ऑफ कामर्स पहले से और अधिक मजबूत और सक्रिय हो गया है। ज्ञात हो कि चेंबर ऑफ कामर्स प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के दिशा निर्देश पर रायगढ़ इकाई की टीम लैलूंगा गई हुई थी जहां चेंबर ऑफ कामर्स रायगढ़ इकाई अध्यक्ष गोपी सिंह ठाकुर के नेतृत्व में व्यापारी मनीष मित्तल के निवास में एक बैठक आहूत की गई जिसमें लैलूंगा के कई व्यापारियों के साथ रायगढ़ इकाई ने संगठन की जानकारी देते हुए व्यापारियों को आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र वितरण किया है। वहीं चेंबर ऑफकामर्स रायगढ़ इकाई की टीम ने लैलूंगा के सभी व्यापारियों को भव्य स्वागत हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष गोपी सिंह ठाकुर, चेंबर ऑफ कामर्स सलाहकार संतोष अग्रवाल, महामंत्री मनीष उदासी, उपाध्यक्ष भरत वलेचा, अभिषेक अग्रवाल, परितोष शुक्ला की उपस्थिति रही हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in